

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, सोमवार 18 दिसंबर 2023 ■ मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-6 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-259 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 19 दिसंबर 2023 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### मंत्रिमंडल का होगा अतिशीघ्र विस्तारः साय

**रायपुर,18 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जानकारी दी है कि रविवार 17 दिसंबर की शाम दिल्ली में उन्होंने बीजेपी आलाकमान से मुलाकात की. गृह मंत्री अमित शाह और बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिलने और बातचीत करने के बाद वे सोमवार की सुबह छत्तीसगढ़ वापस आए हैं. उन्होंने यह भी बताया कि नए मंत्रिमण्डल के लिए कुछ चचाऍं हुई हैं और बहुत ही जल्दी नए मंत्रियों के नाम के एलान के साथ कैबिनट का गठन हो जाएगा.

### कांग्रेस को एक और बड़ा झटका

**रायपुर,18 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की करारी हार के बाद अब पार्टी टूटते हुए नजर आ रही है। लगातार नेताओं को पार्टी छोड़ने का सिलसिला जारी है। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के हार के बाद कलह थमने का नाम नहीं ले रहा है। नेताओं में खासी नाराजगी देखने को मिल रही है। खबर आ रही है कि अकलतरा के पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू ने कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दिया है। अकलतरा पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू ने पीसीसी चीफ दीपक बैज को इस्तीफा पत्र भेजा है। वहीं, इस्तीफे की वजह कांग्रेस की हार से दुख होने के कारण बताया है। बता दें कि कांग्रेस के पूर्व विधायक मोहित राम केर-केट्टा ने भी कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। इससे पहले कांग्रेस नेता दिलीप षडंगी, पूर्व विधायक महंत राम सुंदर दास, पूर्व विधायक मोहित राम केरकेट्टा ने इस्तीफा दिया था।



# अनुसूचित जनजाति का विकास हमारी सरकार की प्राथमिकता : विष्णु देव साय

## आदिवासी समाज के नवनिर्वाचित विधायकों के सम्मान समारोह व आमसभा में शामिल हुए मुख्यमंत्री


**रायपुर ,18 दिसंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ द्वारा आयोजित आदिवासी समाज के नवनिर्वाचित विधायकों के सम्मान समारोह एवं आमसभा में शामिल हुए।

मुख्यमंत्री साय ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह की शुरूआत की। इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज ने मुख्यमंत्री का स्वागत गजमाला एवं पगड़ी पहनाकर पारंपरिक आदिवासी स्वागत गीत से किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए सीएम साय ने कहा कि आज 18 दिसंबर का दिन है। आप सभी को गुरु घासीदास जयंती की हार्दिक बधाई। गुरु घासीदास ने समाज को मनखे मनखे एक समान का संदेश देकर हम सभी को नया रास्ता दिखाया। आज हमारे समाज के लिए सौभाग्य की बात है कि जिस छत्तीसगढ़ में करीब 32 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति की आबादी है और जहां सबकी अपेक्षा थी कि आदिवासी मुख्यमंत्री बने, हमारे आदिवासी समाज की इस उम्मीद को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरा किया है। साय ने कहा कि आज हमारे प्रधानमंत्री के कारण पूरी दुनिया में हमारे देश का डंका बज रहा है। आज राष्ट्रपति के पद पर हमारे आदिवासी समाज की श्रीमती द्रोपदी मुर्मू विराजमान है। छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण हमारे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने किया, ताकि यहां के अनुसूचित जनजाति के लोगों का समुचित सामाजिक एवं आर्थिक विकास हो सके। अनुसूचित जनजाति का सर्वांगीण विकास हो सके इसलिए उन्होंने भारत सरकार में पहली बार आदिम जाति कल्याण विभाग का गठन भी किया। अनुसूचित जनजाति समुदाय की सबसे ज्यादा चिंता हमारी सरकार करती है। साय ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास का संकल्प लेकर मोदी की गारंटी में छत्तीसगढ़ की जनता से जो भी वादा हमने किया है, उसे पूरा करने की जवाबदारी हमारी है। हमारी सरकार ने ही महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष माताओं-बहनों को 12 हजार रुपए और किसानों के हित में 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल में धान खरीदी की घोषणा सहित प्रत्येक वर्ग के हित में घोषणाएं की है। उन्होंने कहा कि हमने वादा किया था कि गरीबों को आवास मुहैय्या कराएंगे, हमने इसे पूरा किया। हमने 13 दिसम्बर को शपथ ग्रहण किया और 14 दिसंबर को सबसे पहले केबिनेट में 18 लाख हितग्राहियो को आवास देने का निर्णय लिया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, विधायक केदार कश्यप, विधायक कवासी लखमा सहित आदिवासी समुदाय के अन्य विधायक, एवं अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के प्रांताध्यक्ष आर एन ध्रुव सहित आदिवासी समुदाय के अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम को दिया गया जहर, अस्पताल में भर्ती

**मुंबई,18 दिसंबर।** मुंबई के ताज होटल में 26/11 को हुए आतंकी हमले के मोस्ट वांटेड आतंकी मॉड्यूल के सरगना दाऊद इब्राहिम को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है कि उसे किसी अज्ञात शख्स ने जहर दे दिया है। माफिया डान दाऊद इब्राहिम की हालत गंभीर बताई जा रही है। दाऊद इब्राहिम को जहर दिए जाने की खबर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। हालांकि इस खबर की अभी तक किसी ने पुष्टि नहीं की गई है। साथ ही इस बात के बारे में भी कोई जानकारी नहीं है कि उसे किसने जहर देकर मारने की कोशिश की।



वहीं पाकिस्तान के भी मीडिया रिपोर्ट में भी अब तक कोई अधिकृत जानकारी सामने नहीं आ पाई है। सोशल मीडिया पोस्ट में बताया गया है कि कड़ी सुरक्षा में दाऊद को कराची के किसी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लेकिन भर्ती किए जाने को भी लेकर कोई पुष्टि नहीं हो पाई है। अटकलें लगाई जा रही हैं कि उसे अचानक अस्पताल में भर्ती कराने के पीछे का कारण जहर हो सकता है। दरअसल, भारत सरकार की जांच एजेंसी ने इस हमले के पीछे माफिया डान दाऊद इब्राहिम का हाथ होना बताया था। दाऊद इब्राहिम ने पाकिस्तान में बैठ कर मुंबई में अपने गुर्गो से पाकिस्तान से आए आतंकियों को हथियार और गोला बारुद की सप्लाई कराई थी। जिसके बाद भारत सरकार ने दाऊद इब्राहिम को भारत के लिए मोस्ट वांटेड आतंकी की सूची में डाल दिया था। भारतीय सुरक्षा एजेंसी सालों से उसकी तलाश में लगी थी। भारतीय सुरक्षा एजेंसी ने कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर दाऊद इब्राहिम के कराची में छिपे होने के सबूत भी दिए मगर पाकिस्तान की सरकार इसका खंडन करती रही।

# लोगों की अपेक्षाओं को करेंगे पूराः केदार

**रायपुर,18 दिसंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत के बयान पर भाजपा नेता और विधायक केदार कश्यप ने कहा, कांग्रेस सरकार में भ्रष्टाचार में अधिकारी संलिप्त थे और कांग्रेस के मंत्री मुख्यमंत्री के इशारे पर काम कर रहे थे. लगातार हमारे आदिवासी समाज के साथ कांग्रेस के लोगों ने अत्याचार किया. पदोन्नति में आरक्षण को रोक दिया. आरक्षण को लेकर किस तरह से यहां पर नाटक किया गया मुझे यह बताने की आवश्यकता नहीं है. केदार कश्यप ने कहा, स्थानीय भर्ती परीक्षा में बस्तर और सरगुजा में पोस्ट को खत्म करने का काम किया. भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है तो हमारी अपेक्षा है मोदी जी की जो गारंटी है, उसे गारंटी के साथ हम जनता के साथ चलेंगे और लोगों की अपेक्षाओं को पूरा करेंगे. आदिवासी समाज की ओर से आयोजित सम्मान कार्यक्रम को लेकर पूर्व मंत्री व विधायक केदार कश्यप ने कहा, आदिवासी समाज के जो कर्मचारी संगठन है उनके द्वारा सभी आदिवासी नवनिर्वाचित विधायकों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. साथ ही मुख्यमंत्री का यहां पर सम्मान का कार्यक्रम रखा गया. निश्चित तौर से यह बड़े गौरव का विषय है.



केदार ने कहा, यदि आदिवासी मुख्यमंत्री किसी ने दिया है तो वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी है. कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद नकली आदिवासी को छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री बनाया. वास्तविकता है यह सच है. उन्होंने कहा, विधानसभा में शीतकालीन सत्र की शुरूआत हो रही है. कल विधानसभा सत्र का पहला दिन है. सभी नवनिर्वाचित विधायक शपथ लेंगे. कल शपथ ग्रहण के बाद ही अनूपूरक बजट पर चर्चा होगी. मंत्रिमंडल के गठन को लेकर केदार कश्यप ने कहा, मंत्रिमंडल के गठन को लेकर मुख्यमंत्री जी का विशेष अधिकार है. पार्टी और संगठन आगे तय करेगा. कांग्रेस ने जिनकी टिकट काटी थी वह सभी 22 विधायक पेंशन के लिए आवेदन कर रहे हैं. इस पर विधायक केदार ने तंज कसते हुए कहा, यह तो अब कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व बता पाएंगे. शीर्ष नेतृत्व कुछ कहने की स्थिति में नहीं है. कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में सरकार में रहते हुए भ्रष्टाचार किया. इस तरह से उन्होंने संगठन में रहते हुए भ्रष्टाचार किया. दावेदारों से विधायकों से जिस तरह से पैसे लेने का काम किया है उसके कारण से कांग्रेस के जो विधायक और उम्मीदवार पूर्व विधायक वह सारे के सारे शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ में जा रहे हैं.

### दिल्ली में बंधक बनाए गए 10 से ज्यादा पहाड़ी कोरवा युवक

**सरगुजा,18 दिसंबर।** मैनपाट ब्लॉक के 10 से ज्यादा पहाड़ी कोरवा युवकों को दिल्ली में बंधक बनाने का मामला सामने आया है. ज्यादा मजदूरी का झांसा देकर दिल्ली में सभी पहाड़ी कोरवा युवकों को बंधक बनाया गया है. बंधकों में एक युवक ने अपना वीडियो बनाकर वायरल किया है. उन्होंने परिजनों सहित प्रशासन से अपनी घर वापसी के लिए मदद की गुहार लगाई है. वीडियो वायरल होने के बाद सभी बंधक बने मजदूरों की घर वापसी को लेकर परिवार परेशान है. दिल्ली में बंधक बने मजदूर सरगुजा के मैनपाट ब्लॉक के ग्राम सुपलगा सहित अन्य गांव के रहने वाले बताए जा रहे.






## धरातल पर चलने वाली और पसीना बहाने वाली सरकार होगी:विजय शर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,18 दिसंबर।** उप मुख्यमंत्री बनने के बाद प्रथम नगर आगमन में विजय रैली एवं आभार सभा को संबोधित करते हुए विजय शर्मा ने कहा ये जीत जनता की जीत है ,एक एक कार्यकर्ता के परिश्रम की जीत है । भाजपा का कार्यकर्ता जब ठान लेता है तब सब बाजी पलट जाता है । उन्होंने कहा मुझे यहाँ तक पहुँचने में मेरा कुछ नही यह आप सब का परिश्रम है । आप सब से निवेदन करता हूँ समय समय पर जो भी बाते हो आप मुझे मार्गदर्शन देते रहे । मैं सिर्फ यह कह सकता हूँ मेरे मेहनत में कोई कमी नही रहेगी 5 वर्षो में 10 वर्षो का कार्य करने का प्रयाश करूँगा ।उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा यह बात पक्का है आपने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के नेतृत्व में चलने वाली यह सरकार मेहनत कस सरकार होगी, धरातल में चलने वाली और पसीना बहाने वाली सरकार होगी । आदरणीय विष्णु देव साय जी ने पहले केबिनेट में मोदी जी के ग्यारंटी के मुताबिक 18 लाख गरीबो का प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कर दिया है । क्रम वार सभी ग्यारंटी पूरी होगी यह मोदी जी ग्यारंटी है । उन्होंने कहा केंद्रीय नेतृत्व,प्रदेश नेतृत्व का भी मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ आदरणीय मोदी जी,अमित शाह जी ने बड़ी जिम्मेदारी दी है उस जिम्मेदारी में खरा उतर सकू ऐसा प्रयाश रहेगा ।उन्होंने चुटकी लेते हुए अपने समर्थकों को कहा आपने सीढ़ी पे बहुत ऊँचाई पर बैठा दिया है अब सीढ़ी लेके भागना नही है सबमिलकर छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा करेंगे । चुनाव के समय किसान के कर्ज के माफ के सबंध में हुए वीडियो वायरल पर भी अपनी बात रखी । मैं चुनाव के समय अपने किसी भाई के पूछने पर बता रहा था उम्मीद है 2 लाख रुपये तक कर्जा माफ घोषणा पत्र में हो सकता है , लेकिन ये सब बातें घोषणा पत्र के आने के पहले की बात थी भारतीय जनता पार्टी के घोषणा पत्र और काँग्रेस का घोषणा पत्र आने के बात मतदान हुआ है । जनता ने भाजपा का घोषणा पत्र देखने के बाद भाजपा को अपना आशीर्वाद दिया है इसलिए अब उस बात का महत्व नही है । पार्टी बड़ी है पार्टी ने अपना रोड मैप घोषणा पत्र में रख दिया था और सभी वर्गो को हित में को देखते हुए बेहतरीन घोषणा पत्र आया । जो आदरणीय प्रधानमंत्री जी का ग्यारंटी है मोदी जी की ग्यारंटी उसमें कोई फर्क नही आएगा शत प्रतिशत पूर्ण होगा ।कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अशोक साहू,पूर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी, पूर्व जिला पँचायत अध्यक्ष रामकुमार भट्ट ,पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल कुमार ठाकुर,जिला महामंत्री संतोष पटेल,क्रांति गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य रामकृष्ण साहू , यूवा भाजपा कार्यकर्ता श्रीकांत उपाध्याय , विजय साहू किसान संघ उपाध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी ,कार्यकर्ता,मोर्चा के कार्यकर्ता एवं नागरिक गण उपस्थित रहे ।

### एक नजर

#### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई,18 दिसंबर।** पद्मनाभपुर थाना क्षेत्र की एक नाबालिग को अगवा कर उससे दुष्कर्म करने वाले आरोपित को पुलिस ने नागपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपित के खिलाफ अपहरण, दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट की धाराओं के तहत प्राथमिकी कर मामले की जांच शुरू की गई है पद्मनाभपुर टीआई अनिल साहू ने बताया कि केलाबाड़ी दुर्ग निवासी आरोपित आईरिश आफरिदी (22) ने बीते 11 दिसंबर को पीड़िता को अगवा किया था। पीड़िता स्कूल जाने के लिए घर से स्कूल जाने के लिए निकली थी। से ही आरोपित उसे अगवा कर नागपुर महाराष्ट्र ले गया था वहां पर आरोपित ने उसे शादी का झांसा देकर उससे दुष्कर्म किया। पीड़िता के परिवार वालों ने पुलिस से इसकी शिकायत की जिसकी जांच के दौरान पुलिस ने आरोपित के मोबाइल का लोकेशन निकाला तो वो नागपुर में मिला जिसके बाद पुलिस की टीम नागपुर रवाना हुई और आरोपित गिरफ्तार किया।

#### अनाचार का आरोपी पकड़ा गया



**भिलाई, 18 दिसंबर।** भिलाई अनाचार कर फरार होने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 376,506 के तहत जुर्म दर्ज किया है पदमनाभपुर टीआई अनिल साहू ने बताया कि घनश्याम वर्मा नामक व्यक्ति सुदखोरी का कारोबार करता है महिला को घनश्याम मयूर हाइट्स बोरसी अपने वाहन में बिठाकर अपने वाहन में लेकर गया महिला को पानी में नशीली दवा मिलाकर जबरन अनाचार किया घटना की शिकायत पुलिस में होने के बाद आरोपी को घनश्याम वर्मा को गिरफ्तार किया।

#### महिलाओ को आयुक्त ने किया सिलेंडर व चूल्हा वितरण

**दुर्ग, 18 दिसम्बर।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आज सुबह 8,30 से 12,30 तक शिविर क्रमांक 1 वार्ड 55 पुलगांव बस्ती में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लोगो को 17 से अधिक योजनाओं से लाभांवित किया गया।साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा निशुल्क हेल्थ चेकअप की सुविधा प्रदान की गई है।लोगो ने निशुल्क शुगर-बीपी जांच की सुविधा का लाभ लिया।साथ ही जरूरतमंदों को डॉक्टरों द्वारा निशुल्क दवाइयों का भी वितरण किया गया।शिविर कार्यक्रम में प्रधामंत्री उज्वला योजना का 988 हितग्राहियों ने नवीन पंजीयन कराया। जिसमें 129 निराकरण किया गया।आसानी से पंजीयन हो जाने से अमरीका यादव ने खुशी जताते हुए शासन का आभार जताया।

उन्होंने कहा प्रधानमंत्री योजना का लाभ आसानी से मिल पाएगा।शिविर में प्रधानमंत्री स्वनिधि के 583 आवेदन प्राप्त हुए जिसमे 33 का निराकरण किया गया।हेल्थ कैम्प में 957 लोगो ने अपना उपचार करवाया,इसके अलावा आधार कार्ड अपडेशन करवाने लोगो की भीड़ देखा गया 683 लोगो ने अपना आधार अपडेशन के लिए आवेदन किया जिसमें 96 लोगो का निराकरण किया गया।साथ ही हितग्राहियों ने शिविर में पहुँचकर आयुष्मान कार्ड के लिए 68 लोगो ने आवेदन किया ।




#### छत्तीसगढ़ प्रदेश उपाध्यक्ष ममता संसद के घेराव के लिए पहुंची

**कवर्धा, 18 दिसंबर।** बेलगाम महंगाई, महिला सुरक्षा और ससद सुरक्षा को लेकर और केंद्र सरकार को जगाने के लिए संसद के घेराव के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला अध्यक्ष फूलों देवी नेताम, प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्व विधायक ममता चंद्राकर सहित पदाधिकारी और महिला कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचे ।

#### प्रधानमंत्री मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया वर्चुअल शुभारंभ, हितग्राहियों से की चर्चा

**धमतरी 18 दिसम्बर ।** जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ चार विकासखण्डों के आठ ग्रामों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया गया। इनमें धमतरी विकासखण्ड के बेन्द्रानवागांव और रूद्री, कुरूद विकासखण्ड के ग्राम सिलौटी और कोर्रा, मगरलोड विकासखण्ड के छिपली और अछोटी तथा नगरी विकासखण्ड के कुम्हड़ा और केरेगांव शामिल है। कुरूद विकासखण्ड के ग्राम कोर्रा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित विधायक कुरूद श्री अजय चन्द्राकर शामिल हुये। इस मौके पर उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का सपना है कि वे भारत को विकसित देशों के श्रेणी में लेकर आयें। आजादी की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव का आयोजन किया गया था।

## बिजली सप्लाई बाधित करने पर ठेका कंपनी पर जुर्म दर्ज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 18 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के सहायक यंत्री ने 132/33 केव्ही कुरुद भिलाई उपकेन्द्र से शहरी क्षेत्र में विद्युत प्रवाह में बाधा उत्पन्न करने पर निगम क्षेत्र की सफाई ठेका कंपनी मेसर्स अर्बन इनवायरो वेस्ट मैनेजमेंट लिमिटेट गोपाल नगर रोड नागपुर के कर्मचारियों के खिलाफ जामुल थाना में अपराध पंजीबद्ध करवाया है। बिजली कंपनी ने सफाई कर्मचारियों पर आरोप लगाया है कि मना करने के बाद भी सफाई कर्मी अति उच्च दाब लाईन के टावर क्रमांक 8 के आसपास लगातार कचरे का मलबा पलटते रहे हैं जिससे टावर क्षतिग्रस्त होने से विद्युत पारेषण कंपनी को काफी का नुकसान होने की आशंका है जामुल पुलिस ने सफाई ठेका कंपनी के कर्मचारियों के खिलाफ धारा 427 के तहत अपराध दर्ज किया है पुलिस ने बताया कि धर्मेंद्र साहू ( 56 वर्ष ) विद्युत कंपनी में सहायक यंत्री ने शिकायत की है कि लाइन पेट्रोलिंग के दौरान जानकारी हुई कि घासीदास नगर गोकुल नगर रोड ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर स्थित अति उच्च दाब लाईन का टावर क्रमांक-8, जो कि ट्रेंचिंग ग्राउंड में पूर्व से स्थापित है, के चारों तरफ मलबा एकत्रित होने से टावर क्षतिग्रस्त होने और विद्युत पारेषण कंपनी को काफी बड़ा नुकसान होने की आशंका है। पूर्व में भी पेट्रोलिंग स्टाफ द्वारा टावर के अगल-बगल मलबा न फेंकने हेतु स्थल पर उपस्थित ठेकेदारों व कर्मियों को बताए जाने पर भी मलबा टावर के पास ही लगातार पलटा जाता रहा जिससे टावर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया एवं टावर के गिरने से कभी भी अप्रिय स्थिति निर्मित हो सकती है। इससे विद्युत व्यवधान होने की भी लगातार आशंका बनी हुई है। यह कृत्य विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 139 का उल्लंघन है। केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (सुरक्षा तथा विद्युत आपूर्ति संबंधी उपाय) अधिनियम 2010 के विनियम 64 के तहत ओवरहेड लाईन के नजदीक सामग्री की ढुलाई और भंडारण कार्य का उल्लंघन माना गया है। सफाई ठेका कंपनी के कर्मचारियों द्वारा किया गया कृत्य लोक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 के तहत आता है। टावर के नीचे कचरा इकट्ठा किये जाने से उसके क्षतिग्रस्त होने और लाईन का ग्राउण्ड क्लियरेंस कम होने से कभी भी किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति की आशंका बनी हुई है। सफाई ठेका कंपनी, जिसे नगर निगम भिलाई के द्वारा मलबा ढोने हेतु ठेका दिया गया है, के द्वारा लापरवाही पूर्वक किये गये कृत्य से विद्युत कंपनी को क्षति पहुंची है। पुलिस ने मेसर्स अर्बन इनवायरो वेस्ट मैनेजमेंट लिमिटेड गोपाल नगर रोड नागपुर, महाराष्ट्र के विरुद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 139 (प्रति संलग्न) केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (सुरक्षा तथा विद्युत आपूर्ति संबंधी उपाय) अधिनियम 2010 के विनियम 64 (प्रति संलग्न), एवं लोक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 (प्रति संलग्न) के तहत एफआईआर दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

### दो साल पहले बदला गया था क्षतिग्रस्त टावर

अफसरों के मुताबिक कचरे के लोड से ही पुराना टावर क्षतिग्रस्त हो गया था। जानकारी लगने के बाद बिजली कंपनी द्वारा लगभग दो साल पहले इससे कुछ दूरी पर ही नया टावर लगाया गया। नया टावर गैल्वेनाइज है, जो पहले वाले से और अधिक मजबूत है। बावजूद यह टावर भी क्षतिग्रस्त हो गया। पिछली बार हुई घटना के बाद बिजली कंपनी द्वारा निगम प्रशासन को पत्र भेजकर जिम्मेदार एजेंसी पर कार्रवाई के लिए कहा था। साथ ही सुरक्षा को देखते हुए पर्याप्त कदम उठाने कहा था। इसके बाद भी निगम अफसरों व संबंधित एजेंसी की लापरवाही जारी है

#### अपराधिक गतिविधियों पर पोड़ी पुलिस की लगातार प्रभावी कार्रवाई

**कवर्धा, 18 दिसंबर।** जिले के कप्तान डॉ0 अभिषेक पल्लव के मार्गदर्शन मे एंव अति0 पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर अनुविभागीय अधिकारी संजय तिवारी एवम् थाना प्रभारी बोडला श्री व्यासनारायण चुरेंद्रके दिशा निर्देशन मे चौकी क्षेत्र मे चौकी प्रभारी उप निरीक्षक त्रिलोक प्रधान के नेतृत्व में पौड़ी पुलिस टीम द्वारा लगातार अवैध जुआ सट्टा एंव आबकारी एक्ट व अपराधिक गतिविधियो के विरूध्द लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है ।

#### रकम दोगुना करने के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार



**भिलाई, 18 दिसंबर।** भिलाई दमन फाइनेंस कंपनी में रुपये निवेश - करने पर बहुत ही कम समय में रकम को दोगुना करने का झांसा देकर ठगी करने वाले एक शातिर को पुलिस ने असम गिरफ्तार किया है। आरोपित ने अलग-अलग शहरों के लोगों को ठगी का शिकार बनाया है भिलाई नगर थाना क्षेत्र का एक युवक भी आरोपित के झांसे में आ गया था और 13 लाख रुपये की ठगी का शिकार हुआ था जिसके बाद उसने पुलिस से शिकायत की थी इसके आधार पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी कर उसकी तलाश शुरू की थी आरोपित के मोबाइल और बैंक खाता के लोकेशन के आधार पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया आरोपित को न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे रिमांड पर जेल भेज दिया गया है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( क्राइम ) डॉ अनुराग झा ने बताया कि टाउनशिप निवासी शिकायतकर्ता गुलाब सोनकर ने 18 जुलाई 2023 को भिलाई नगर थाना में रिपोर्ट की थी की एक आरोपित ने दमन फाइनेंस कंपनी में निवेश करने पर रकम दोगुना करने का झांसा देकर उससे चार जनवरी से 19 जून के बीच कुल 13 लाख रुपये की ठगी की हैं। उनसे पुलिस जानकारी दी कि फेसबुक पर उसे दमन फाइनेंस कंपनी का विज्ञापन दिखा था जिसे देखने के बाद उसने दिए गए नंबर पर संपर्क किया था निवेश की अवधि पूर्ण होने के बाद उसने अपने रुपयों के लिए आरोपित से संपर्क किया तो आरोपित ने साफ इंकार कर दिया

घटना की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। जिस नंबर पर पीड़ित ने बात की थी और जिस खाते में उसने आनलाइन रुपये जमा किए थे। वो जिला होजाई असम निवासी परिक्षित चक्रवर्ती के नाम पर पंजीकृत मिला जिसके आधार पर पुलिस की टीम ने आरोपित के लोकेशन की तलाश शुरू की। लोकेशन तलाशने के बाद पुलिस की एक टीम असम रवाना हुई और आरोपित परिक्षित चक्रवर्ती को गिरफ्तार कर भिलाई लेकर लौटी आरोपित ने और भी शहर के लोगों से ठगी करने की बात स्वीकार की है फाइनेंस कंपनी में रुपये निवेश करने पर उसे दोगुना करने का झांसा देकर लोगों से करता था आरोपित ठगी

#### विशेष ग्राम सभा का आयोजन 19 दिसम्बर को


**दुर्ग, 18 दिसम्बर ।** ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण हेतु विशेष ग्राम सभा का आयोजन 19 दिसम्बर 2023 को सभी ग्राम पंचायतों में किया जाएगा। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत ग्राम पंचायत में आने वाले ग्रामों में शौचालय विहिन, परिवार का चिन्हांकन एवं उनकी सूची का ग्राम सभा में अनुमोदन उपरांत जनपद एवं जिला पंचायत को प्रेषित किया जाएगा। ऐसे ग्राम पंचायते जो ओ.डी.एफ. प्लस ग्राम की किसी भी श्रेणी में नहीं है, उन्हें उदियमान ग्राम घोषित करने हेतु ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित करना एवं निर्धारित प्रमाण-पत्र को जनपद पंचायत में प्रेषित किया जाएगा। ऐसे ग्राम पंचायते जो ओ.डी.एफ. प्लस उज्जवल श्रेणी में हैं उन्हें उत्कृष्ट गांव घोषित करने हेतु ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित करना एवं ग्रामसभा घोषणा का वीडियो तैयार कर ग्राम सभा प्रस्ताव एवं प्रमाण पत्र के साथ जनपद पंचायत को प्रेषित करने हेतु ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित किया जायेगा।



**जामुल।** शिव पुराण कथा में आशीर्वाद लेने पहुंचे नगरपालिका परिषद जामुल के पूर्व अध्यक्ष रेखराम बंछोर नूतन वर्मा मंडल महामंत्री प्रशांत गुप्ता महामंत्री लेखराम पाल रामटेके।

## गुरु घासीदास जयंती कई जगह मनाई गई

■ गुरु घासीदास जयंती पर पंथी नृत्य एवं सतनाम गीतों की धूम



**भिलाई, 18 दिसंबर।** संत गुरु घासीदास बाबा जयंती अवसर पर जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। पंथी नृत्य एवं सतनाम गीतों की गूंज सुनाई दे रही है एवं जैतखाम के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ ही पारंपरिक रीति से धार्मिक क्रियाकलाप संपन्न किये जा रहे हैं। ज्ञात हो कि जैतखाम सतनामियों के सत्य नाम का प्रतीक माना जाता है। यह सतनाम पंथ की विजय कीर्ति को प्रदर्शित करने वाली आध्यत्मिक पताका है। प्रदेश में बड़ी संख्या में सतनाम पंथ को मानने वाले अनुयायी दो दिनों तक गुरु घासीदास जयन्ती को मानते हैं। गुरु घासीदास ऐसे तपस्वी थे।

जिन्होंने सत्य की खोज की। इसी वजह से इस धर्म का नाम सतनाम अर्थात सत्यनाम पड़ा । इस अवसर पर सतनाम के अनुयायियों द्वारा अनेक स्थलों पर पंथी नृत्य किया जा रहा है। यह नृत्य देश-दुनिया में छत्तीसगढ़ की खास पहचान के रूप में प्रसिद्ध है। इसमें नृत्य करते हुए गुरु की महिमा गुरु के उपदेशों का बखान गाकर किया जाता है। गुरु घासीदास दास द्वारा दिये उपदेश इस नृत्य के माध्यम से लोगों तक पहुंचाए जाते हैं। अनुशासित गणवेश, पैरों में घुंघरू, ढोलक-झांझ मंजीरा और मांदर के साथ इस नृत्य के ऊर्जा से भरपूर नर्तकों की तरह-तरह की कलाबाजियां लोगों के आकर्षण का केंद्र बन रही हैं साथ ही उनकी मानव पिरामिड बनाने की कला से देखने वाले रोमांचित हो रहे हैं।

#### विधायक कोर्सेवाड़ा के आतिथ्य में गुरु घासीदास जयंती मनाई व सतनाम संदेश यात्रा निकाली

गुरू अगरदास कल्याण संगठन चरोदा के अध्यक्ष ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी गुरू घासीदास की 267वीं जयंती समारोह का आयोजन एवं सतनाम संदेश का कार्यक्रम 17 एवं 18 दिसंबर को राजमहंत व अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा के मुख्य आतिथ्य व जिला भाजपा अध्यक्ष बृजेश बिचपुरिया के अध्यक्षता में सतनाम भवन भिलाई-3 में संपन्न होगा।

#### जामुल में आ चुका है रामलला का अक्षत कलश:बंछोर

**जामुल।** अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर का उद्घाटन 22 जनवरी को किया जाएगा। इस शुभ मुहर्त में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष एवं पार्षद रेखराम बंछोर ने बताया कि जामुल नगर को भी इस शुभ कार्य मे भागीदारी होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ जिसमे हम सभी का प्रयास रहेगा कि 22 जन के शुभ बेला को भव्य बनाने हर घर पहुचकर 11 दीप प्रज्वलन करने व घर के मुख्य द्वार में भगवा ध्वज लगाने आमंत्रित करें ताकि हमारे आराध्य श्रीराम जी के प्राण प्रतिष्ठा का जामुल नगर साक्षी बने। रामलला का अक्षत कलश अयोध्या से हनुमान मंदिर रावणभांठा जामुल में आ चुका है। 20 दिसंबर को शिवमंदिर में दोपहर 2 बजे एकत्रित होकर धूमधाम से हनुमानजी के मंदिर से पवित्र अक्षत कलश को लाना है। मातृ शक्ति इस सौभाग्य का पुण्य जरूर लें।

### निधन

#### तेज बहादुर सिंह



**भिलाई, 18 दिसम्बर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता तथा क्षत्रिय कल्याण सभा के सक्रिय आजीवन सदस्य तेज बहादुर सिंह का निधन 17 दिसंबर रविवार को हो गया। जिनकी उम्र 89 वर्ष थी। जिनका अंतिम संस्कार आज 18 दिसंबर सोमवार को किया गया। 12 बजे उनके निवास स्थान से अंतिम यात्रा रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकली। वे प्राचार्य त्रिभुवन सिंह तथा भिलाई इस्पात कर्मी राजेंद्र प्रसाद सिंह के पिता तथा भाजपा नेता संतोष सिंह के ससुर थे।

## वैशालीनगर कॉलेज के कार्यक्रम में लैंगिक संवेदनशीलता पर दिया जोर




**भिलाई, 18 दिसंबर।** इंदिरा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर कॉलेज वैशाली नगर भिलाई में लैंगिक संवेदनशीलता तथा समान अवसर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रमुख वक्ता श्रीमती संगीता नवीन तिवारी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ,फास्ट ट्रैक कोड पोस्को एवं श्रीमती सरिता दास अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, फास्ट ट्रैक कोड पोस्को रहीं। शुभारंभ अतिथियों के स्वागत से हुआ द्य अतिथियों को पौधे दे कर सम्मानित किया गया द्य तत्पश्चात वक्ता श्रीमती संगीता नवीन तिवारी द्वारा लैंगिक संवेदनशीलता पर प्रकाश डालते हुए समानता की सोच का विकास करने की बात कही एवं इसकी शुरूआत स्वयं द्वारा करने को कही द्य श्रीमती सरिता दास ने पोस्को को विस्तार से समझाया एवं कोर्ट के प्रारंभ से अंतिम कार्य प्रणाली पर विशेष प्रकाश डाला द्य उन्होंने विभिन्न अधिकारों तथा सुरक्षा नियम को भी समझाया विशेषकर बालिकाओं और महिलाओं को सुरक्षा व अधिकार का नियम बताते हुए विशाखा गाइडलाइंस पर भी प्रकाश डाला। इसके बाद महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती डॉक्टर अलका मेश्राम ने महिलाओं के परवरिश में नई दिशा तथा नई सोच की पहल करने एवं समानता की भावना को अपने परिवार से शुरूआत करने की बात कही । कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती कौशल्या शास्त्री द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती कृष्णावेणी द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट एनसीसी स्वयं सेवको के साथ 70 छात्रों को छात्रों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती कौशल्या शास्त्री, प्रो श्रीमती डॉक्टर किरण रामटेके, प्रो अमृतेश शुक्ला, प्रो श्रीमती डॉक्टर चांदनी मरकाम तथा प्रो महेश कुमार अलेंद्र उपस्थित रहे।

#### आस्था सस्था दे रही बेरोजगार बहनों को सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण



भिलाई, 18 दिसंबर। आस्था संस्था के द्वारा एक कदम स्वालंबन की ओर बढ़ते हुए बेरोजगार बहनों को सिलाई कढ़ाई फिको फाल का प्रशिक्षण दो स्थानों पर दिया जाएगा। जिसमें शिवाजी नगर कोहका में व दूसरा कैंप 1 पानी टंकी के पीछे शुरू किया गया है। जिसमें जरूरतमंद बहनों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। ताकि वह अपना घरेलू खर्च स्वयं के मेहनत से निकल सके। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्राण के सेवा प्रमुख लोमस राम साहू, साथ में प्रकाश गेडाम, सरिता शर्मा, बी पोलम्मा व संस्था के अन्य लोग मौजूद थे।

## एक नजर

### कांग्रेस सरकार में शुरू हुई जनहितैषी योजनाओं को जारी रखे भाजपा सरकार:कुलबीर सिंह

**राजनांदगांव 18 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ में गोधन और राजीव गांधी न्याय योजना बंद किये जाने की ख़बरों को लेकर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने बड़ा बयान जारी किया है । कुलबीर सिंह छाबड़ा ने जारी प्रेस विज्ञपती में कहा है कि कांग्रेस सरकार में शुरू की गई जनहितैषी योजनाओं को बंद नहीं किया जाना चाहिए । उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं का सीधा फायदा प्रदेश की जनता को मिल रहा है और जिसकी वजह से आम जनता सुखी व आर्थिक रूप से समृद्ध हुई है उन योजनाओं को बंद किया जाना किसी भी स्तर पर सही नहीं है । कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के आने के बाद कांग्रेस सरकार की कई योजनाओं को बंद करने की अटकलें सुनाई दे रही हैं लेकिन यह गलत निर्णय होगा। कुलबीर ने कहा कि कांग्रेस सरकार की नरवा-गरवा-घुरवा-बाड़ी योजना, गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना और राजीव मितान क्लब जैसी योजनाओं से आम जनता को सीधे तौर पर लाभ मिल रहा है जिन्हें बंद नहीं किया जाना चाहिए । इसी तरह बिजली बिल हाफ, स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल, भूमिहीन कृषि मजदूर योजनाओं का लाभ भी आम जनता को मिला है इन सबको निरंतर जारी रखने से ही प्रदेश की जनता का फायदा होगा । कुलबीर सिंह छाबड़ा ने आगे कहा कि कांग्रेस ने सत्ता संभालते ही नरवा-गरवा-घुरवा अउ बाड़ी योजना के तहत गावों में सिंचाई के साधन उपलब्ध कराना, पशुधन के लिए गौठानों की व्यवस्था, मवेशियों के गोबर और मूत्र से खाद बनाने के साथ ही गांवों में बाड़ी बनाकर फल-फूल और सब्जियां उगाने के काम को बढ़ावा दे कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बेहतर बनाया । गोधन न्याय योजना के तहत पशुपालकों से 2 रुपए प्रति किलो की दर से गोबर खरीदी की गई जिससे लगभग 551.31 करोड़ पशुपालकों, चरवाहों, गौठान समितियों और महिला स्वसहायता समूहों को बांटे गए।



### अग्र अलंकरण 2024 में अग्रवाल समाज की प्रतिभाएं होंगी सम्मानित

**राजनांदगांव 18 दिसंबर।** 13- 14 जनवरी 2024 को अग्रवाल सभा राजनांदगांव के आतिथ्य में छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन का सोलहवां प्रांतीय अधिवेशन एवं अष्टम अग्र अलंकरण समारोह आयोजित है. 1 जुलाई 2022 से 30 जून 2023 तक विभिन्न 18 क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली शख्सियतों से आवेदन मंगाए गए है । अग्र अलंकरण मे पुरस्कार प्राप्त करने के लिए निर्धारित योग्यता के प्रतिभागी अपना विस्तृत विवरण सहित आवेदन निर्धारित प्रपत्र में 20 दिसंबर तक भरकर नीचे दिए गए पते पर जमा कर सकते हैं जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार अट्ठारह विशिष्ट क्षेत्रों के लिए पुरस्कार स्वरूप प्रत्येक चयनित प्रतिभागी को ?11000 नगद , प्रशस्ति पत्र एवं शानदार प्रतीक चिन्ह, मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के कर कमलों द्वारा प्रदान किए जाएंगे।

### खपरी में 19 को मड़ई मेला

**अंवरी 18 दिसंबर।** ग्राम खपरी (बंगोली) में समस्त ग्रामवासी के सहयोग से संत गुरु घासीदास जयंती 18 को एवं 19 दिसंबर दिन मंगलवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है7 जिसमें रात्रि कालीन मनोरंजन के लिए नवा किरण नाच पार्टी (बड़े) भंडारपुर (डोंगरगढ़) का कार्यक्रम रखा गया है । यह जानकारी पुरानिक राम चतुर्वेदी, लैनूराम केसरी, फूलचंद कुर्रे, विष्णु प्रसाद, दशरथ सिंह वर्मा ने दी।

### कुम्हारी में त्रिदिवसीय संगीतमय पंथी नृत्य एवं कला प्रतियोगिता 20 तक

**अंवरी 18 दिसंबर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम कुम्हारी में प्रगतिशील सतनामी समाज तत्वाधान एवं समस्त ग्रामवासीयों के सहयोग से आज से 20 दिसम्बर तक त्रि दिवसीय भव्य सगीतमय पंथी नृत्य एवम कला प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में विजयी पंथी टीम के लिए पुरुस्कार रखा गया है जिसमें पुरुष वर्ग मे प्रथम 7000 रूपये,दूसरा 5000 रूपये एवं तीसरा 3500 रूपये साथ ही महिला वर्ग के लिए प्रथम 5000 रूपये, दूसरा 3000 रूपये एवं तीसरा 2000 रूपये रखा गया है,प्रत्येक मंडली को समाज द्वारा सात्वना 1101 रूपये दिया जायेगा।आयोजन समिति द्वारा प्रवेश शुल्क 151 रुपया रखा गया है। आज शाम 4 बजे वीर बलिदानी राजा गुरु बालकदास नवयुवक सतनाम सेना द्वारा गांव में भव्य शोभायात्रा निकाला जायेगा।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा:शिविर में 23 हितग्राहियों का बनाया गया आयुष्मान कार्ड

**रायपुर 18 दिसम्बर।** ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' के अंर्तगत मुंगेली जिला के ग्राम जरहागांव के गांधी मैदान में शिविर का आयोजन किया गया। जहां शासन की विभिन्न योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी लगायी गई और लोगों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में हितग्राहियों से पात्रतानुसार फॉर्म भराया गया। 500 से अधिक हितग्राहियों ने आवेदन किया। वहीं 23 लोगों का मौके पर आयुष्मान कार्ड बनाया गया तथा एक हितग्राही श्रीमती सीमा कश्यप को गैस चूल्हा प्रदान किया गया। सीमा ने छत्तीसगढ़ शासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि आज शिविर में आकर उन्हें उज्जवला योजना के तहत गैस सिलैंडर और चूल्हा दिया गया है। अब उन्हें खाना बनाने में किसी प्रकार की परेशानी नही होगी। धुआँ से भी मुक्ति मिल गयी है। विधानसभा क्षेत्र मुंगेली के विधायक श्री पुन्नूलाल मोहले, कलेक्टर श्री राहुल देव, पुलिस अधीक्षक श्री चंद्रमोहन सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रभाकर पाण्डेय, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती दुर्गा उमाशंकर साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने अवलोकन किया और छत्तीसगढ़ शासन की विभिन्न योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।




स्वास्थ्य विभाग की शिविर में 103 लोगों का ओपीडी हुआ, जिसमें से 95 लोगों का सिकल सेल की जांच की गई। इस अवसर पर संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा

शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 322 आवेदकों ने फार्म जमा किया। वहीं स्वच्छ भारत योजना के तहत शौचालय के लिए 54, उज्जवला योजना अंतर्गत गैस के लिए 90, किसान क्रेडिट कार्ड के लिए 03 आवेदकों सहित 500 से अधिक हितग्राहियों ने विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने फार्म जमा किया। इसके अलावा शिविर में 23 लोगों का मौके पर आयुष्मान कार्ड बनाया गया। 45 लोगों को आयुष्मान योजना के तहत पीवीसी कार्ड प्रदाय किया गया। 07 लोगों का मौके पर आधार कार्ड बनाया गया।

प्रमुख योजनाओं की संतृप्तीकरण के लिए आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएँ जैसे - स्वच्छ भारत मिशन, आवश्यक वित्त पोषण सेवाएं, एलपीजी कनेक्शन, गरीबों के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएँ, स्वच्छ पेयजल सुविधा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आदि जैसी बुनियादी सुविधाएँ प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है।

# आयुष्मान भारत योजना से युवराज का हुआ मुफ्त और सफल ऑपरेशन

**ग्राम डूमरपानी में बेटे का दर्द बताते भावुक हुईं हेमलता नेताम**

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर 18 दिसम्बर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के पहले दिन आज आईईसी वैन जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम अंतर्गत जिले के नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम डूमरपानी में पहुंची। समीप के ग्राम थानाबोड़ी से पहुंचीं श्रीमती हेमलता नेताम ने अपनी आपबीती सुनाते हुए बताया कि उनका पुत्र युवराज के पेट के निचले हिस्से की आंतें जन्म से बाहर की ओर लटक रही थीं। पहले तो यह कहा गया कि उम्र के साथ बालक की स्थिति सामान्य हो जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। दिहाड़ी मजदूरी कर जीवन यापन करने वाली श्रीमती नेताम ने बताया कि आसपास के अस्पतालों में चक्कर काटने के बाद भी जब बेटे का इलाज मुमकिन नहीं हुआ तो एक चिकित्सक ने चिरायु योजना से मुफ्त इलाज किए जाने के बारे में बताया। साथ ही यह भी बताया कि अगर निजी अस्पताल में इसका इलाज कराने पर ढाई से तीन लाख रुपए खर्च हो जाएंगे। इतनी बड़ी राशि का इंतजाम कर पाना श्रीमती हेमलता के



लिए संभव ही नहीं था। अपनी कहानी बताते हुए भावुक होकर बालक की माता ने कहा कि अपने बेटे की जान बचाने अकेली अस्पतालों में दौड़भाग करती रहीं। अंत में रायपुर के एक निजी अस्पताल में जाकर चिरायु योजना के तहत युवराज का सफलतापूर्वक निःशुल्क ऑपरेशन कराया। आज बालक अन्य बच्चों की भांति सामान्य हो गया है। केंद्र की चिरायु योजना का बारंबार धन्यवाद प्रकट करते हुए श्रीमती हेमलता ने कहा कि अगर यह योजना नहीं होती तो वह अपने लाडले का जीवन शायद ही बचा पातीं। उन्होंने केन्द्र सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना को अपने बच्चे के लिए जीवनदायिनी बताया।

# जिले के 7 गांवों मे विकसित भारत संकल्प शिविर आयोजित

**धमतरी, 18 दिसम्बर।** केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने एवं इन योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आज धमतरी जिले के 4 विकासखंडो मे 7 शिविरों का आयोजन किया गया, जिसमे बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और शासन की योजनाओं का लाभ उठाने उनमें काफी उत्साह देखा गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं योजनाओं के लाभ से वंचित लोगों को लाभ दिलाने के लिए स्टॉल लगाया गया।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती रोंक्तिमा यादव ने धमतरी विकासखंड के ग्राम सोरम में आयोजित शिविर मे पहुंचकर शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए लगाए गए स्टाल का अवलोकन किया और वहां की व्यवस्थाओं को देखा। इस अवसर पर शपथ भी ली गई। श्रीमती यादव ने कहा कि पात्र हितग्राहियो को शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिले इसके लिए अधिकारी पहल करें। इस अवसर पर प्रचार-प्रसार वैन का ग्राम सोरम पहुंचने पर समिति द्वारा स्वागत किया गया। एलईडी वैन के माध्यम से शासन की



उपलब्धियों पर आधारित लघु फिल्म प्रदर्शित किया गया।

शिविर में पहुंचे आवास योजना से लाभान्वित मोहित राम निषाद, उर्वशी बाई, आयुष्मान योजना के योगेश साहू, किसान सामान निधि, उज्ज्वला योजना सहित अन्य हितग्राहियो नें अपने अनुभव साझा किये। इस दौरान आयुष्मान भारत योजना के तहत 14 लोगो को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया गया। वही 3 महिला हितग्राहियो को उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन प्रदाय किया गया. महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओ की गोद भराई और 6 माह के शिशुओ का अन्नप्रासन्न कराया गया. राजस्व विभाग द्वारा बी 1 और नक्शा खसरा कि कॉपी भी दी गई।

आज 7 स्थानों पर आयोजित शिविर में सैकड़ों हितग्राही पहुंचे, जिसमें से कई हितग्राहियों ने शासन की योजनाओं के लाभ मिलने के बाद उनके जीवन में आए बदलाव को मेरी कहानी, मेरी जुबानी के माध्यम से साझा किया। वहीं शासन की विभिन्न योजनाओं से वंचित कई हितग्राहियों ने योजना का लाभ उठाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर में मरीजों का स्वास्थ्य जांच एवं उपचार कर आवश्यक परामर्श दिया गया। उक्त शिविरों में संबंधित विभाग के अधिकारी- कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन मौजूद थे।

### करोड़ों की ठगी करने वाला अंतर्राज्यीय गिरोह का मास्टर माइंड आया पुलिस के गिरफ्त में

**राजनांदगांव 18 दिसंबर।** मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि




प्रार्थी योगेश हिरवानी पिता कचरूराम हिरवानी उम्र 24 साल निवासी अछोली थाना डोंगरगढ़ का दिनांक 02/09/2023 को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की आरोपीगण द्वारा रेलवे विभाग में टिकिट एक्जामिनर (ज्म्) के पद पर नौकरी लगाने के नाम से विभिन्न किस्तो में 18,50000/रू (अठ्ठारह लाख पचास हजार रू) लेकर प्रार्थी से ठगी किया है, कि रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 538/2023 धारा 420,467,468,471,34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पूर्व में 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जो जेल में निरूद्ध है। प्रकरण में विवेचना के दौरान फरार आरोपी की पतातलाश हेतु पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के निर्देशन में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ श्री आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन पर निरीक्षक भरत बरेठ के नेतृत्व में सायबर टीम के सहयोग से फरार आरोपी की सूचना पर आरोपी सुखेन्द्र चन्द्राकर गंगानगर जिला बिलासपुर में लूक छीप रहा था, जो गंगानगर जिला बिलासपुर पहुंचकर घेराबंदी कर पकडा गया जिससे पूछताछ पर आरोपी द्वारा युवाओं को रेलवे में नौकरी दिलाने का झांसा देकर कलकत्ता के अन्य आरोपियों के साथ मिलकर रेलवे विभाग मे नौकरी लगाने के नाम पर झूठा आश्वासन देकर एवं फर्जी दस्तावेज तैयार कर विभिन्न राज्यों के युवाओं को वर्धमान (कलकत्ता) ले जाकर फर्जी ट्रेनिंग करवाकर लाखों रूपये लेकर ठगी किया है। प्रार्थी योगेश हिरवानी से भी 18,50,000/रू (अठ्ठारह लाख पचास हजार रू) की ठगी करना स्वीकार किया है। आरोपी के पेश करने पर 02 नग मोबाईल व घटना में प्रयुक्त कागजात को पेश करने पर जप्त किया गया है। मामले में कलकत्ता के 03 आरोपी पूर्व में वर्धमान पुलिस द्वारा गिरफ्तार की जा चुकी है। एक अन्य आरोपी संतोष जायसवाल की पता तलाश जारी है। शीघ्र गिरफ्तार की जावेगी। आरोपी ने बताया कि वे छत्तीसगढ़ एवं अन्य राज्य से युवाओं को प्रलोभन देकर डीआरएम ऑफिस के पास वर्धमान (कलकत्ता) लेकर जाते थे और वहां अन्य आरोपियों को रेलवे के अधिकारी बताकर उनके द्वारा नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों रूपये ठगी कर तीन माह का ट्रेनिंग करवाते थे। बाद में ज्वाईनिंग लेटर भेजने की बात कर वापस भेजकर युवाओं से ठगी करते थे।

# धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की हनुमत कथा व दिव्य दरबार 23 जनवरी से

**रायपुर 18 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ की संस्कारधानी रायपुर की पावन धरा में फिरसे एक बार विश्व विख्यात संत शिरोमणि पंडित श्री धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री (बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर) के मुखारविंद से श्री राम भक्त हनुमान की हनुमंत कथा एवं दिव्य दरबार का आयोजन होगा, यह भव्य आयोजन एक्स आर्मी फाउंडेशन एवं स्व. श्री पुरुषोत्तम अग्रवाल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में विवेकानंद विद्यापीठ के सामने, कोटा, गुढ़ियारी में संपन्न होगा। यह आयोजन रायपुर छत्तीसगढ़ प्रदेश ही नही अपितु पूरे देश व विदेशो में दिनाँक 23 जनवरी 2024 से 27 जनवरी 2024 तक संस्कार ह्ल1 चैनल के माध्यम से लाइव प्रसारण किया व देखा जाएगा। हनुमंत कथा की भव्यता को देखते हुए एवं जनसैलाब की सुविधा के लिए हर प्रकार की यथा संभव व्यवस्था आयोजन समिति के द्वारा की जाएगी। व्यवस्था के संबंध को लेकर दिनाँक 17 दिसम्बर 2023, दिन

रविवार को प्रातः 11ञ्00 बजे आम बैठक रखा गया था, जिसमे व्यवस्था प्रभारियों की जिम्मेदारी सुनिश्चित की जावेंगी, साथ ही कार्यक्रम की रूपरेखा तय किया जाएगा।



छत्तीसगढ़ वासियों को श्री राम भक्त हनुमान की जीवंत हनुमंत कथा सुनने का सु-अवसर मिलेगा इसके पूर्व पंडित श्री धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी द्वारा किये गए श्री राम कथा सुनने का अवसर मिला था। इस कलयुग में हनुमंत लाल जी अमर है। समय समय पर हिन्दू सनातन धर्म के द्वारा ऐसे आयोजनो से युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति और संस्कार को आगे बढ़ाने का बल मिलता है, जिससे कि युवा पीढ़ी समाज को आगे बढ़ाने में अपनी महती भूमिका निभाते है।

### संकुल स्तरीय बाल कीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ



**नगरी 18 दिसंबर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला उदयपुर के प्रांगण में संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी फत्ते राम कोसरिया मुख्य अतिथि एवं श्री रामानंद साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की अध्यक्षता में कार्यकम सम्पन्न हुआ जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा बच्चो को अच्छी शिक्षा के साथ-साथ खेल भी आवश्यक है जिससे बच्चो के शारीरिक, मानसिक विकास होता है इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक सुरजीत सिंह चौहान,श्री श्रीश कुमार पांडेय प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला उदयपुर, सी.आर. साहू,एम.एल. जंघेल, कैलाश वर्मा ,ढाल सिंह भारती, संकुल समन्वयक श्री जंघेल, अमीलाल सेन ,प्रदीप कुमार राजपूत ,जय चंद वर्मा, चंद्रकांत साहू, तामेश्वर साहू, श्रीमती पूर्णिमा जंघेल सहित शिक्षक एवं बच्चे बड़ी संख्या उपस्थित है।

### दानी स्कूल,डिग्री कॉलेज से लगी सड़क को बृजमोहन ने जल्द बनाने के दिए निर्देश

**रायपुर 18 दिसंबर।** बूढ़ापारा दुर्गा मन्दिर से चाँदनी चौक वाली सड़क जो दानी गर्ल्स स्कूल , डिग्री गर्ल्स कॉलेज की दीवार से लगी हुई को 15 दिनों के अन्दर बनाने का निर्देश पूर्व मंत्री विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने आज शाम निरक्षण के दौरान रायपुर कलेक्टर स्मार्ट सिटी के अधिकारियों को मौके पर ही दिया ।

दानी गर्ल्स स्कूल और डिग्री गर्ल्स कॉलेज जाने के लिए नया गेट भी बनाकर खोलने का निर्देश अधिकारियों को दिया गया है । केवल लाइट व्हीकल सायकल , दुपहिया , चारपहिया , छोटा हाथी इस सड़क से आ जा सके ऐसा निर्देश दिया गया है । भाजपा पार्षद दल के प्रवक्ता मृत्युंजय दुबे ने दानी गर्ल्स स्कूल जाने के लिए बूढ़ापारा से चाँदनी चौक तक सड़क निर्माण का निर्देश देने के लिए पूर्व मंत्री विधायक बृजमोहन अग्रवाल जी का आभार व्यक्त किया है । दानी गर्ल्स स्कूल और डिग्री गर्ल्स कॉलेज की हजारों छात्राओं को जी की पुरानी बस्ती , बूढ़ापारा , ब्राम्हण पारा , कुशाल पुर , ष्ठष्ठ नगर , लाखेनगर , चौबे कॉलोनी , समता कॉलोनी क्षेत्र से वहाँ पढ़ने जाती है उन्हें राहत मिलेगा । सप्रे स्कूल से श्याम टॉकीज वाले मार्ग पर यातायात दबाव कम होगा , जनता को वैकल्पिक मार्ग मिलेगा । उक्त सड़क को बन्द करने का विरोध भाजपा पार्षदों के साथ जनता ने भी किया था ।

### मेरी कहानी -मेरी जुबानी: मुफ्त इलाज से मां के घुटनों का हुआ सफल उपचार

**कांकेर 18 दिसम्बर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के पहले दिन आज आईईसी वाहन जिले के ग्राम हाटकर्रा (कोरर) पहुंचा, जहां लाभार्थी श्री राकेश सिंह ने बताया कि उनकी माता श्रीमती सुषमा के घुटने की हड्डी टूट गई थी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हाटकर्रा में परीक्षण उपरांत चिकित्सक की सलाह से वह अपनी मां को कोमल देव जिला अस्पताल कांकेर लेकर आए। यहां डॉक्टरों ने आयुष्मान भारत योजना के तहत कार्ड बनाने का सुझाव दिया, जिस पर वहीं अस्पताल में योजना के तहत तत्काल पंजीयन कराकर कार्ड बनवाया। इसके साथ ही ऑपरेशन से लेकर सभी दवाइयों का व्यय मुफ्त में हो गया। अस्पताल के चिकित्सकों ने बताया कि उसी ऑपरेशन और दवाई के लिए निजी अस्पताल में डेढ़ से दो लाख रुपए खर्च करने पड़ते। श्री राकेश ने बताया- ÷आज उनकी माताजी अपने पैरों से चलने में पूरी तरह सक्षम हैं। अगर यह योजना नहीं होती तो माताजी के घुटनों का इलाज कर पाना संभव ही नहीं था। यह सचमुच प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी है, जो साकार हो रहा है। उन्होंने भारत सरकार की इस योजना की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का आभार माना।

### शहीद वीर नारायाण सिंह के मातृभूमि के प्रति समर्पण और बलिदान हमेशा याद किया जाएगा: भोलाराम साहू

**खुज्जी 18 दिसंबर।** खुज्जी विधायक भोलाराम साहू आज ग्राम



सांगली पहुंचकर छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद वीर नारायण सिंह को उनके बलिदान दिवस 17 दिसंबर पर नमन किया। विधायक भोलाराम साहू ने कहा कि वीर नारायण सिंह के मातृभूमि के लिए योगदान को याद करते हुए कहा कि स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर देने वाले आदिवासी जननायक वीर नारायण सिंह छत्तीसगढ़ महतारी के सच्चे सपूत थे ,उन्होंने सन 1956 की भीषण अकाल के दौरान गरीबों को भूख से बचाने के लिए अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ कठिन संघर्ष किया।विधायक भोलाराम साहू ने आगे कहा कि उन्होंने 1957 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में छत्तीसगढ़ की जनता में देशभक्ति का संचार किया।राज्य सरकार ने उनकी स्मृतिको आदिवासी एवं पिछड़ा वर्ग में उत्थान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए शहीद वीर नरायणसिंह सम्मान स्थापित किया है।विधायक श्री साहू ने आगे कहा कि शाहिद वीर नरायणसिंह अन्याय के खिलाफ संघर्ष, मातृभूमि के प्रति समर्पण और बलिदान से हमेशा याद किया जाएगा। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव के महामंत्री नरेश शुक्ला ,नगर पंचायत चौकी के उपाध्यक्ष रीतेस मेश्राम ,किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष उदेराम साहू , पार्षद साधना सिंग ,सांगली के सरपंच , जिला कांग्रेस कमेटी के सयुक्त महामंत्री पुरन नेताम ,संजय लाना ,मनोज टेमरे ,बिसौहा सिन्हा,बालकिशन धुर्वे,गेंद लाल सेवता ,दर्शन मंडावी, ग्राम प्रमुख एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**एन.एस.एस. कैंप रतावा में नशामुक्त भारत अभियान के तहत नशा मुक्ति शिविर लगाया**

# ब्रह्माकुमारी बहनों ने नशामुक्ति के लिए शिविर लगाया

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

नगरी 18 दिसंबर। ब्रह्मकुमारी बहनों के द्वारा एन.एस.एस. कैंप रतावा में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत् नशा मुक्ति शिविर लगाया गया। उक्त कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारीज नगरी से राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी भावना बहन, ब्रह्माकुमारी मुलेश्वरी बहन, ब्रह्माकुमारी कमलेश्वरी बहन तथा निशा बहन, परमेश्वरी बहन, सिया माता, सूर्यवंशी भाई, ओमप्रकाश भाई तथा श्री सुरेंद्र नेताम (कार्यक्रम अधिकारी) एम. एन. साहू (सहायक कार्यक्रम अधिकारी) सुश्री भारती मालेकर (सहायक कार्यक्रम अधिकारी) ग्राम के वरिष्ठ नागरिक के रूप में श्री केदार मंडावी, श्री हरख राम निषाद, श्री सुरेश राम नेताम (पूर्व सरपंच) सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलन करके किया गया। तत्पश्चात कैंप के बच्चों द्वारा ब्रह्माकुमारी बहनों का पुष्पगुच्छ एवं आत्मिक स्मृति का तिलक लगाकर स्वागत सत्कार किया गया। सर्वप्रथम पिताम्बर भाई ने नशा मुक्ति आधारित बहुत सुंदर गीत प्रस्तुत किया। तत्पश्चात श्री सुरेंद्र नेताम जी ने ब्रह्माकुमारीज बहनों का अभिवादन किया तथा नशा से होने वाले दुष्प्रभाव पर प्रकाश डाला। उसके पश्चात कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी भावना बहन ने सभा को




संबोधित करते हुए कहा कि देश की युवा पीढ़ी को हम कैसे सही दिशा प्रदान करें यह एक व्यापक विषय है क्योंकि युवा देश का कर्णधार होता है जिस पर देश का भविष्य टिका होता है जो वर्तमान समय में बुरे व्यसनों तथा नशा, पान, गुटका आदि की लत से अपना जीवन तबाह कर रहा है आज का युवा अंदर से खोखला होते जा रहा है हमारा शरीर अमूल्य है लाखों रुपए के बदले भी हम अपना एक अंग नहीं दे सकते ऐसे शरीर को नशे में बर्बाद कर रहे हैं दूसरा नशा करने वाला व्यक्ति घर व समाज में अपना पहचान खो देता है उसकी प्रतिष्ठा धूमिल हो जाती है तथा वह आर्थिक रूप से कमजोर हो जाता है जिसका खामियाजा पूरे परिवार को भुगतना पड़ता है आज लोग फिल्म अभिनेता जो पैसे लेकर पान गुटखा का विज्ञापन करते हैं उससे प्रभावित होकर इसका सेवन करने लग पड़ते हैं परंतु वास्तविकता कुछ और ही होती है वह खुद व अपने परिवार को व्यसनों से कोसो दूर रखता है इस बात को भली भांति समझनी होगी नशे व बुरे व्यसनों से होने वाले नुकसान को समझना होगा और नशे से दूर रहने हेतु दृढ़ संकल्पित होना होगा तभी वह अपने जीवन को श्रेष्ठ बना सकता है आज वर्तमान समय में आवश्यकता है प्रत्येक व्यक्ति को आध्यात्मिकता से जुड़ने की ।परमपिता शिव परमात्मा स्वयं राजयोग की शिक्षा देकर हमारा जीवन दिव्य बना रहे हैं आगे ब्रह्माकुमारी भावना बहन ने सभी से अपील की कि नित मेडिटेशन करके तथा परमपिता परमात्मा के ज्ञान को अपने जीवन में धारण करके अपना जीवन दिव्य व श्रेष्ठ बना सकते हैं तथा सभी से कहा कि आप सभी अभिलंब इसका लाभ उठाइए अंत में एक बार पुनः सभी से नशा मुक्त रहने की अपील की। तत्पश्चात ब्रह्माकुमारी मुलेश्वरी बहन ने सभी को मेडिटेशन का अभ्यास कराया। तथा ब्रह्माकुमारी कमलेश्वरी बहन ने सभी को नशा मुक्त रहने की शपथ दिलवाई व नारे लगवाए। अंत में कैंप के कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशन में बच्चों द्वारा ब्रह्माकुमारीज बहनों सहित सभी भाई बहनों का श्रीफल से सम्मान किया। तथा श्री सुरेंद्र नेताम जी ने ब्रह्माकुमारियों के दिव्य उद्बोधन पर धन्यवाद ज्ञापित कर निकट भविष्य में फिर से आगमन की आशा व्यक्त की। कार्यक्रम का संचालन निशा बहन द्वारा किया गया।

## 20 वर्षों से ग्राम रतिजा का मिसल बंदोबस्त व भू- नक्शा गायब

**कोरबा, 18 दिसम्बर।** शासन द्वारा हर विभाग को आनलाइन की सुविधा से जोड़ने की बात कही जा रही है, पर 20 वर्षों से किसी ग्राम पंचायत का पूरा मिसल और नक्शा गायब होने से शासन के दावे की पोल खुल जाती है। जिले के हरदीबाजार तहसील पाली अनुभाग अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत रतिजा का मिसल बंदोबस्त और भू-नक्शा पिछले 20 वर्षों से गायब है। इसकी वजह से ग्रामीणों को कई तरह की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। कोई भी इसकी सुध नहीं ले रहा है।

जानकारी होने पर ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान और राजस्व दस्तावेज दुरुस्त करने की मांग करते हुए ऊर्जाधानी भू-विस्थापित किसान कल्याण समिति की ओर से अनुविभागीय राजस्व अधिकारी पाली को ज्ञापन सौंपा गया है। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा है कि ग्राम पंचायत रतिजा, पटवारी हल्का नंबर सात तहसील हरदी बाजार जिला कोरबा का मिसल व भू- नक्शा राजस्व विभाग के पास मौजूद नही है। उन्होंने बताया है कि विगत दिनों ग्रामीणों के साथ बैठक आयोजित की गई थी, इसमे यह बात सामने आई। इससे पता चला कि वर्ष 2004 के बाद रतीजा का राजस्व दस्तावेज गायब कर दिया गया है। मिसल और नक्शा नही होने के कारण किसानों का जमीन संबंधी काम लटक गया है। नामांतरण, बटांकन, खरीद बिक्री समेत जाति प्रमाण पत्र भी नहीं बन पा रहा है। दो वर्ष पूर्व एक किसान ने अपनी चार एकड़ भूमि 14 लाख रुपये में बिक्री किया था, किंतु उसका नामांतरण इसी कारण से नहीं हो सका और मुआवजा राशि से खरीदी करने वाला भू- विस्थापित ठगा महसूस कर रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि जब रातिजा में वाशरी का प्लांट लगाया गया था, उसी समय यह खेल रचा गया और पूरी रिकार्ड गायब कर दिया गया है, इसकी जांच होनी चाहिए।

# अंतिम बेसहारा व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही असली मकसद:संयुक्त सचिव

### गीदम ब्लॉक के ग्राम पंचायत बड़े सुरोखी में संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम, 18 दिसंबर ।** भारत को विकसित राष्ट्रीय श्रेणी में अग्रणी पंक्ति लाने के लिए प्रारंभ हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत आज गीदम ब्लॉक के ग्राम पंचायत बड़ेसुरोखी में संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया गया था। इसमें ग्राम बड़े सुरोखी में संयुक्त सचिव भारत सरकार विनय कुमार शामिल हुए। मुख्य अतिथि के आसंदी से उपस्थित ग्रामीणों को केन्द्रीय और राज्य सरकार की समस्त कल्याणकारी योजनाओं में सहभागिता का आह्वान करते हुए। उन्होंने कहा कि संकल्प यात्रा का एक मकसद है अंतिम बेसाहारा व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना । हम इस उद्देश्य से संकल्प शिविर का आयोजन कर रहे है कि इन योजनाओं का लाभ लेने का पात्र व्यक्ति लाभ लेने से वंचित ना हो फिर वहा चाहे पेंशन योजना हो, आवास योजना हो या फिर उज्जवला योजना और इसमें आप का सहयोग सर्वाधिक जरूरी है। अतः जो जानकार नहीं है ऐसे व्यक्ति को योजनाओं से जोड़े, अगर पात्र व्यक्ति उससे लाभान्वित होता है तो यह एक



संकल्प पूरा होने के समान है और बेरोजगारी और तंगहाली से मुक्ति होती है। अभी हम विकासशील देश की श्रेणी में है और इस अमृत काल में हमारा महत्वाकांक्षी लक्ष्य यह है कि 2047 तक हम विकसित राष्टों के श्रेणी में आये ताकि आने वाली पीढ़ी का भविष्य उज्जवल हो।

इस अवसर पर कलेक्टर विनीत नंदनवार ने कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए यह जरूरी है एक नागरिक के तौर पर हम स्वयं विकसित करे। समाज स्वयं विकसित हो जाएगा। उन्होंने केन्द्र सरकार की प्रमुख योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हर पात्र व्यक्ति योजनाओं से लाभ ले इससे उसकी सहूलियत और सुविधा में बढ़ोतरी होगी। इसके लिए जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों का दायित्व है कि वो आमजनों को योजनाओं की पूरी जानकारी दे। प्रत्येक ग्राम पंचायतों में योजनाओं को शत-प्रतिशत लागू करना हमारा प्रयास रहेगा। इसके लिए प्रशासनिक कर्मचारी पूर्व से संबंधितों से आवेदन लेकर स्क्रूटनी कर लेवे और जिस दिन कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। उस दिन पात्र ग्रामीणों को इसका लाभ भी देवें। साथ ही इसका कारण भी बताएं इसके लिए जिला स्तर मॉनिटरिंग की जावेगी। किसी भी स्थिति में पात्र हितग्राही लाभ से छूटने ना पायें। मौके पर जनपद पंचायत अध्यक्ष गीदम श्रीमती अंति वेक ने भी ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे राज्य और केन्द्र की जनहित योजनाओं में अपनी भागीदारी दिखाए जिससे क्षेत्र का विकास हो। जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन ने भी अपने संबोधन में कहा कि जिन पात्र व्यक्तियों को योजनाओं से लाभ मिला है। उससे अन्य ग्रामीणों से साझा करते हुए उन्हें प्रेरित करें। क्योंकि अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का दारोमदार हम सबका है।

कार्यक्रम में बड़े सुरोखी निवासी जागेश्वरी कड़ती, दिशा कोर्रसा और सुधीर नाग प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत पक्के घर मालिक बनने, भगवती यादव और बैशाखु यादव ने आयुष्मान कार्ड के तहत निःशुल्क उपचार, बंसती यादव और ललिता यादव ने उज्जवला योजना तथा मनीराम उज्जी ने पीएम किसान निधि के तहत लाभान्वित होने का ब्यौरा दिया। कार्यक्रम के अंत में आयुष्मान कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड और उज्जवला योजना के हितग्राही को इन योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

## योजनाओं का लाभ उठाने शिविर में दिया जा सकता है आवेदन

**कोरबा, 18 दिसम्बर।** केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से आरंभ की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से मोदी की गारंटी वाली गाड़ी देश के कोने कोने तक पहुँच रही है। इसी कड़ी में आज शहरी क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 25 मुड़ापार और दुरपा के वार्ड 54 सहित ग्रामीण क्षेत्र के मदनपुर, कुटेलामुड़ा,रामपुर-तानाखार में शिविर लगाया गया। शिविर में पीएम आवास, आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड, वन नेशन वन कार्ड, उज्ज्वला योजना, उजाला योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, आधार अपडेशन, सस्ती व अच्छी जेनेरिक दवाई आदि की जानकारी देने के साथ लाभ से वंचित हितग्राहियों से आवेदन लिए गए। इससे पूर्व संकल्प यात्रा के वाहन के पहुचने पर स्वागत किया गया। शिविर में पहुंची श्रीमती अनुप्रिया, मनोहर राव ने बताया कि वे पीएम आवास के लिए आवेदन करने आए हैं, यहां अन्य योजनाओं की जानकारी मिली है। खाद्य विभाग अंतर्गत प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना अंतर्गत 134 नए कनेक्शन और 28 का केवाईसी आवेदन लिया गया है। इस अभियान को लेकर पूरे देश मे उत्साह नजर आ रहा है। इस यात्रा का उद्देश्य समाज के सभी वर्ग के लोगों को लाभ पहुँचाना है। गौरतलब है कि प्रदेश के सभी जिलों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने एवं जानकारी देने हेतु विभागों द्वारा स्टॉल लगाया गया। जहां पर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया गया एवं जरूरतमंद लोगों को आवेदन फार्म भरवाए गए। शिविर स्थल पर स्थानीय जनप्रतिनिधि और पार्षदगण तथा अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहें।

**विकसित भारत संकल्प यात्रा का लगा शिविर:** केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से आरंभ की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा आज कोरबा जिले के अलग-अलग जनपद अंतर्गत ग्रामों में पहुंचेगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत कोरबा जनपद के ग्राम उरगा में 10 बजे से, पताढ़ी में 2 बजे से, पोड़ी उपरोड़ा अंतर्गत ग्राम पोड़ी उपरोड़ा में 10 बजे से, ग्राम कोनकोना में 2 बजे से, कटघोरा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम ढेलवाडीह में 11 बजे से, ग्राम अरदा में 2 बजे से, जनपद पंचायत करतला अंतर्गत ग्राम कोटमेर में 10 बजे से, करतला में 2 बजे से और पाली जनपद अंतर्गत ग्राम नानबांका में 9 बजे से, बड़ेबांका में 2 बजे से शिविर का आयोजन किया गया है।

**समाचार संक्षेप**

## प्लेसमेंट कर्मचारियों ने विधायक चैतराम अटामी से की सौजन्य मुलाकात



**गीदम, 18 दिसम्बर।** नगर पंचायत गीदम के प्लेसमेंट कर्मचारी संघ गीदम के द्वारा दन्तेवाड़ा विधानसभा के नव निर्वाचित विधायक चैतराम अटामी से सौजन्य मुलाकात की गई। नगर पंचायत गीदम संघ के द्वारा शॉल भेंटकर दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी को सम्मानित किया गया एवं कर्मचारियों के समस्याओं से अवगत कराया गया। विधायक के द्वारा कर्मचारियों को उनकी प्रमुख समस्याओं के निराकरण हेतु आश्वस्त किया गया। इस दौरान अध्यक्ष रूपधर कड़ती, उपाध्यक्ष सुखनाथ अतरा, जिलाध्यक्ष देवीशंकर सैनी, रतन यादव, गंगा सिंह, शामनाथ, महेश शर्मा, रामलखन पटेल और शिवशंकर श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## तुमनार पुल के पास सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत, 6 घायल



**गीदम, 18 दिसम्बर।** गीदम बीजापुर राष्ट्रीय राजमार्ग 63 में रविवार को तुमनार पुल के पास हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। मिली जानकारी के मुताबिक बोलेरो वाहन बीजापुर की ओर से गीदम की तरफ आ रही थी इसी दौरान विपरीत दिशा से तेज रफ्तार आ रही टिप्पर वाहन ने बोलेरो को टक्कर मार दी। जिससे गाड़ी मालिक जितेंद्र सेन गंभीर रूप से घायल हो गए , जिन्हे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। वही गाड़ी में सवार 6 व्यक्ति भी गंभीर रूप से घायल बताये जा रहे जिसमे घायल एक महिला की स्थिति नाजुक बताई जा रही है।

## नारायणपुर स्केटिंग के बच्चे दिल्ली में दिखाएंगे अपनी प्रतिभा




**नारायणपुर 18 दिसंबर।** 15 वी रोलर स्केटिंग मियूजिकल चेयर टूर्नामेंट त्यागराज स्पोर्ट कॉम्प्लेक्स दिल्ली में दिनांक 19 से 22 दिसम्बर को होने जा रही है जिसमे नारायणपुर से 15 खिलाडी भाग लेने रवाना हुये इसमें 3 साल से 14 साल तक के बच्चे है जो अपने जिला का नाम रौशन करने दिल्ली जा रहे है विस्व्दीप्ति स्कूल के पी,टी,आई,एवं कोच आर बलराम पूरी नारायणपुर के छोटे से छोटे बच्चों को खेल सीखा कर बच्चों को खेल आगे बढ़ाना चाहते है ,1 खिलाड़ी अंतागढ़ के सेंट मेरी स्कूल से मयंक, नारायणपुर से है दिव्यांसी नेताम,योगेंद्र,प्रतीक,जयवीर,हाबिल,अर्पण,पार्थिव,गीतांजलि,अनुप्रिया, अदविक, विवान, चंद्रकांत,आर्या, आरोन,प्रद्युमन, सभी को विस्व्दीप्ति स्कूल के प्रिंसिपल एवं जिले के सभी पालकगनो ने बधाई दिए।

## जेनेरिक दवाओं से निजी चिकित्सकों ने बनाई दूरी

**कोरबा, 18 दिसम्बर।** प्रदेश का कामकाज संभालते ही विष्णुदेव साय ने भले ही जेनेरिक दवाओं को महत्व दिए जाने की बात कही हो पर इस पर निजी अस्पतालों में चिकित्सक अभी भी अमल नहीं कर रहे। सरकारी अस्पताल के डाक्टर जनौषधि से जुड़ी दवाएं लिखते हैं लेकिन निजी अस्पतालों ने इससे पूरी तरह से दूरी बना ली है। शहर के सभी बड़े अस्पतालों में उनके खुद का मेडिकल दुकान संचालित है। मरीजों के स्वजनों को ब्रांडेड मंहगी दवाएं खरीदने के लिए बाध्य किया जाता है। प्रधानमंत्री जनौषधि केंद्र बिकने वाली सस्ती दवाओं के प्रति लोगों की विश्वसनीयता बढ़ने लगी है। जिले शहर सहित उपनगरीय क्षेत्रों में तीन दुकानों का संचालन हो रहा है। इन दुकानें में बीपी, शुगर, कोलेस्ट्राल जैसे बीमारियों की दवाओं की सर्वाधिक मांग है। सामान्य दुकानों से बिकने वाली ब्रांडिंग कंपनी की दवाओं से 70 प्रतिशत कम दाम में उपलब्ध होने की वजह सस्ती दवा के प्रति लोगों की जागरूकता बढ़ती जा रही है। जन औषधि केंद्रों में मिलने वाली सस्ती दवाओं ने महंगी दवाओं से काफी हद तक राहत दी है। वर्ष 2021 में दो दुकानों की शुरूआत शहर के पुराना बस स्टैंड और घंटाघर में शुरू हुई। तब लोगों को यह नहीं लग रहा था कि इस पर आम लोगों की निर्भरता यहां बिकने वाली दवाओं में बढ़ जाएगी। दुकान संचालक रिजवान खान का कहना है कि केंद्र सरकार खास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ब्रांडिंग होने की वजह से लोग अब दवाओं को पूर्ण विश्वसनीयता के साथ खरीद रहे है। दवाएं सस्ती होने के कारण ही नहीं बल्कि स्वास्थ्य के लिए कारगर से अधिक बिक रही है। सर्दी, खांसी, बुखार जैसे आम बीमारियों के अलावा हृदय रोग, शुगर मरीज, प्रसूति आदि के इलाज के जिस फार्मूले पर ब्रांडिंग कंपनिया 60 से 70 प्रतिशत अधिक दामों में बेच रही वहीं दवाएं हमारे जनौषधि केंद्र में 30 से 40 प्रतिशत दामों में उपलब्ध है। पैरासिटामोल की जो दवाएं आम बाजार में 30 से 40 रूपये में बिकती है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा: सुकमा और कोंटा की ग्राम पंचायतों में किया गया कार्यक्रम का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 18 दिसम्बर।** जिले के जनपद पंचायत छिंदगढ़, सुकमा और कोंटा के ग्राम पंचायतों में रविवार को विकसित भारत संकल्लप यात्रा कार्यक्रम के तहत वैन पहुंची। यात्रा के तहत आज ग्राम पुष्पल्ली, भेलवापाल, बिरसठपाल, मुर्रेपाल, एर्राबोर, दरभागुड़ा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।भारत सरकार द्वारा प्रमुख योजनाओं की जिले की सुदूर वनांचल ग्राम पंचायतों में जागरूकता बढ़ाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा। ग्राम पंचायत एवं शासकीय अमलों के माध्यम से ग्राम मे वैन का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम मे वैन के स्वागत के पश्चात प्रधानमंत्री मोदी जी का संदेश सभी ग्रामवासी एवं आम जनता को सुनाया गया तथा सभी




लोगों को 2047 तक विकसित भारत निर्माण हेतु शपथ दिलाया गया ।शासन की योजनाओं के बारे मे सभी आमजनों को जानकारी दी गयी तथा विभिन्न योजनाओ के लाभान्वित हितग्राहियों की सफलता की कहानी उनके द्वारा स्वयं सुनाया गया।

महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को सुपोषण कीट ,खाद्य विभाग के द्वारा पात्र हितग्राहियों को उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर वितरण एवं योजना मे नवीन पंजीयन कराया गया इसके अलावा शासन की योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। क्वीज कार्यक्रम भी कराया गया जिसमे सभी लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया । कार्यक्रम मे पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग,राजस्व विभाग ,खाद्य विभाग ,स्वास्थ्य विभाग ,महिला एवं बाल विकास विभाग , विभागों के द्वारा स्टाल लगाया गया था जिसमे विभिन्न नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गयीं। इसके अलावा कार्यक्रम में पशुधन विकास विभाग के कर्मचारियों द्वारा स्टॉल लगाकर उपस्थित ग्रामीणों एवं पशुपालकों को पशुपालन किसान क्रेडिट कार्ड योजना एवं आजीविका मूलक विभागीय योजनाओं के बारे मे विस्तृत जानकारी दे कर लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किया गया। किसान क्रेडिट कार्ड के तहत पशुपालन ऋण के लिए 10 पशुपालकों के किसान क्रेडिट कार्ड के प्रकरण तैयार किया गया एवं पशु औषधियों का वितरण किया गया।कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगण, एसडीएम कोंटा श्री श्रीकांत कोराम, संबंधित विभाग के अधिकारी और अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन

**सुकमा 18 दिसंबर।** कार्यालय में दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें तीनों ब्लॉक के आरएमए, सीएचओ, एसएन, एमपीडब्लू को तनाव प्रबंधन व आत्महत्या गेटकीपर ट्रेनिंग साइकोलॉजिस्ट नित्या देवांगन व साइकाइट्रिक सोशल वर्कर रीना मंडावी व कम्युनिटी नर्स योगेश सिन्हा के 7 द्वारा दिया गया। साथ ही मानसिक बीमारी व उपचार हेतु जिला अस्पताल रिफर और टेली मानस सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई।




## विकसित भारत संकल्प यात्रा का पात्र हितग्राहियों को मिलेगा लाभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 18 दिसंबर।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का प्रदेश में आज 16 दिसंबर को शाम 4 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय वर्चुअल माध्यम से इस प्रदेशव्यापी आयोजन में उपस्थित रहे। जिले में केन्द्रीय योजनाओं के सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने और नवाचारी योजनाओं से हुए विकास से आम लोगों को परिचित कराने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ हो चुका है।

इस क्रम में शनिवार को ग्राम पंचायत भवन छिंदगढ़ और ग्राम पंचायत झापरा से विकसित भारत संकल्प यात्रा के रथों को रूट एवं वाहन प्रभारी के साथ निर्धारित अलग-अलग ब्लॉक में जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने प्रचार रथ का उत्साह से स्वागत किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री हरिस. एस, एसपी श्री किरण चव्हाण, एसडीएम छिंदगढ़ श्री प्रताव विजय खेस्स, एसडीएम सुकमा श्री प्रीति दुर्गम, सीएमएचओ डॉ महेश सांडिया,




जनपद पंचायत सीईओ श्री जीएस जागड़े सहित श्री धनीराम बारसे, श्री हुंगाराम मरकाम, अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों द्वारा बताया गया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत केन्द्र सरकार के प्रमुख योजनाओं का लाभ, लक्षित लाभार्थियों, खास तौर से वंचित लोगों मे समयबद्ध तरीके से पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम में संबंधित विभागों ने हितग्राहियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग, आयुष्मान पंजीयन , साथ ही टीबी स्क्रीनिंग, सिकल सेल, एनीमिया उन्मूलन मिशन की स्टाल लगाकर जैसी अन्य योजनाओं के बारे में भी लोगों को जागरूक किया गया।इस स्टाल लगाकर 165 लोगो की स्वास्थ्य जांच, आयुष्मान कार्ड 5, एनसीडी 50, टीबी 12 लोगो को जांच किया गया। साथ ही उज्जवल योजना के तहत 57 लोगो का ई केवाईसी किया गया। उल्लेखनीय है कि यात्रा के तहत ग्राम पंचायतों में स्थानीय हितग्राहियों को आमंत्रण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्व-सहायता समूह, कृषि गतिविधियों के आयोजन, केन्द्र सरकार के विभिन्न योजनाओं के सफल लाभार्थियों द्वारा उनका अनुभव साझा किया जाएगा।

साथ ही प्रचार वैन के माध्यम से जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजनाएं आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर जल योजना, जन धन योजना, सुरक्षा बीमा, जीवन ज्योति बीमा, अटल पेंशन योजना जैसी शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं को लोगों को जागरूक किया जाएगा। जिससे इन योजनाओं के लाभ जिले के शत-प्रतिशत लोगों को तक पहुंचाया जा सके।

### बड़ी संख्या में रामभक्त हुए शामिल, चौक चौराहों पर आतिशबाजी की गई

# दंतेवाड़ा में पूजित अक्षत कलश यात्रा निकाली गई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 18 दिसंबर।** रविवार को माईजी की धर्मनगरी शक्तिपीठ दंतेवाड़ा में सैकड़ों रामभक्तों की उपस्थिति में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या से लाकर हनुमान मंदिर में रखे गए पूजित अक्षत कलश की भव्य शोभायात्रा धुमधाम के साथ निकाली गई। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की रचना के अनुसार दंतेवाड़ा जिले में रामलला की स्थापना को लेकर घर घर पूजित अक्षत वितरण किया जाना है। इस दौरान प्राण प्रतिष्ठा में हर घर की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए अक्षत कलश यत्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा की शुरूआत दोपहर 12 बजे दिव्य जीवन संघ श्री शिवानंद आश्रम गुमरगुंडा के स्वामी श्री विशुद्धानन्द सरस्वती जी के सानिध्य में की गई। कलश यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व कलश पूजन के लिए दंतेवाड़ा के नवनिर्वाचित विधायक चैतराम अटामी भी हनुमान



मंदिर पहुंचे और पूजित अक्षत कलश को प्रणाम कर सभी रामभक्तों को शुभकामनाएं देकर यात्रा की शुरूआत करवाई। कलश यात्रा नगर के बस स्टेंड स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर बस स्टेंड चौराहे से मुख्य मार्ग से गुजरते हुए जय स्तंभ चौक पहुंची जहां से वापस टर्न होकर वापस मुख्य मार्ग के दूसरी ओर से होते हुए यात्रा हनुमान मंदिर परिसर में आकर संपन्न हुआ। अक्षत कलश यात्रा में बड़ी संख्या में गायत्री परिवार की महिलाएं, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, विश्व हिन्दु परिषद, हिन्दु जागरण मंच, बजरंग दल, एकल अभियान, दुर्गा वाहिनी के सदस्य समेत बड़ी संख्या में नगरवासी भी शामिल हुए। यात्रा के दौरान चौक चौराहों पर जमकर आतिशबाजी की गई। नन्हे बच्चे हाथों में भगवा ध्वज लिए जय श्री राम के जयघोष रास्ते भर लगाते उत्साह के साथ यात्रा में चलते रहे। कलश यात्रा समापन उपरांत राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सभी 8 प्रखण्डों से आए प्रखण्ड प्रमुखों को अक्षत कलश, पत्रक एवं रामजन्म भूमि मंदिर की प्रिंटेड फोटो वितरण किया गया। गौरतलब है कि 22 जनवरी 2024 को शुभ मुहूर्त में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों द्वारा होना सुनिश्चित हुआ है। सभी देश वासियों को 1 जनवरी से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ/विहिप के स्वयं सेवकों द्वारा घर घर पहुंचकर अक्षत पत्रक देकर श्री रामजन्मभूमि तीर्थ स्थल अयोध्या आने का निमंत्रण दिया जाएगा।

# फणिकेश्वरनाथ मंदिर में उकेरे कला नक्काशी को देखकर लेखक हुए अभिभूत



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजिम 16 दिसंबर। पंचकोशीधाम फणिकेश्वर नाथ महादेव मंदिर पहुंचकर जिला रत्नांचल साहित्य परिषद गरियाबंद के लेखकों ने मंदिर में उकेरी गई मूर्तिकला एवं वास्तुकला को नजदीक से निहारा सर्वप्रथम फणिकेश्वर महादेव ज्योतिर्लिंग का दर्शन किया। जलाभिषेक कर क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना की। लेखक संतोष कुमार सोनकर मंडल में मंदिर निर्माण की खूबियों पर फोकस करते हुए बताया कि महादेव का मंदिर पूर्वाभिमुख है। इसके दो अंग गर्भगृह एवं मंडप है। पूरा मंडप 16 स्तंभों पर टिका हुआ है। द्वारा के चौखट में नदी देवियां प्रदर्शित है। ऐसा प्रतीत होता है कि दोनों मंदिरों को जोड़ने वाले मंडप का निर्माण मुख्य मंदिर के बाद में हुआ है। मंदिर के जंघा भाग में दो पंक्तियों में रामकथा तथा कृष्णलीला से संबंधित दृश्य एवं मिथुनरत चित्र बनाया गया है। मंडप में रखें वैष्णवी, महिषासुर मर्दिनी एवं चतुर्भुजी गणेश प्रतिमाएं मौजूद है। खंडित प्रतिमा भी रखे गए हैं। यह स्मारक परवर्ती काल के मंदिर स्थापत्य कला का अच्छा उदाहरण है। मंदिर पंचकोसी परिक्रमा में सम्मिलित है। इस बात को प्रमाणित पुरातत्व एवं संस्कृति विभाग भी करता है। श्री सोनकर ने आगे बताया कि एक समय शेषनाग धरती लोक का भ्रमण करने के लिए पहुंचे। उन्होंने कमलक्षेत्र के आराध्य भगवान राजीव लोचन के दर्शन के पश्चात अनुमति लेकर भ्रमण करते हुए इस स्थल पर आए और सरोवर इत्यादि को देखकर बहुत प्रभावित हुए तथा शिवलिंग की स्थापना किया। यही फणिकेश्वरनाथ महादेव के नाम से प्रसिद्ध हुआ। लेखक संतोष कुमार साहू, पुरुषोत्तम चक्रधारी, नूतन लाल साहू ने कहा कि पंचकोसी परिक्रमा की अपनी अलग महिमा है। पंच शिव पीठ जिनमें पटेवा में पटेश्वरनाथ महादेव, चंपारण में चंपकेश्वरनाथ महादेव, बम्हनी में ब्रह्मकेश्वरनाथ महादेव, फिंगेश्वर में फणीकेश्वरनाथ महादेव, कोपरा में कर्पूरेश्वरनाथ महादेव हैं। जानकारी के मुताबिक कमलपुष्प के पांच पंखुड़ी पर पांच शिवलिंग स्थापित है जिसे पंचकोशी धाम की संज्ञा दी गई है। शायर एवं जिला रत्नांचल साहित्य परिषद के अध्यक्ष जितेंद्र सुकुमार साहिर, कुमेश किरणबेर, गीतकार प्रदीप कुंवरदादा, लेखक फनेंद्र साहू ने मंदिर की कलाकृति एवं पत्थरों पर सफाई देखते ही बन रही है। छीनी एवं हथौड़ी के कमल को देखकर बहुत ज्यादा प्रभावित हुए। मंदिर में इन लेखकों द्वारा हर हर महादेव का जय घोष भी किया गया।

## एक नजर

### सिर्रीखुर्द में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ



**राजिम/फिंगेश्वर, 18 दिसंबर।** विकासखंड फिंगेश्वर के ग्राम पंचायत सिर्रीखुर्द में आर्यन क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ रविवार को हुआ उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद सदस्य कीर्ति गजेंद्र निषाद ने की विशेष अतिथि के रूप में सरपंच टिकेश साहू हरी राम साहू,धनी साहू पंच, टोपेश साहू इस दौरान उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने कहा कि हम सब मिलकर खेलों के विकास तथा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सदैव तत्पर हैं। क्रिकेट के साथ ही हमारी प्राचीन व पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रयास किए जाने चाहिए।अध्यक्षता कर रहे जनपद सदस्य कीर्ति गजेंद्र निषाद ने कहा कि आज के समय में क्रिकेट पूरे विश्व के लोगों की पसंद है आज क्रिकेट के मैदान में जो नौजवान अपनी किस्मत को आजमाने का काम कर रहा है वह आने वाले समय में जरूर क्षेत्र और अपने प्रदेश का नाम रोशन करने का काम करेगा। सरपंच टिकेश्वर साहू ने कहा कि इस प्रकार के खेल आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्र की छिपी प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। गांवों में भी बहुत खिलाड़ी है जिसके प्रतिभा को सामने लाने का कार्य आयोजक समिति द्वारा किया जा रहा है पढ़ाई के साथ.साथ खेल से भी अच्छा रोजगार पाया जा सकता है आयोजन समिति के ऐन सिंह साहू धनेश्वर वर्मा चुमेश्वर वर्मा भूपेंद्र सोनी रोहित कंडरा उमेश साहू मनोज यादव सहित सदस्य ग्रामवासी खिलाड़ी और खेलप्रेमी आमजनों की उपस्थिति रही।

# 7 जनवरी को राजिम भक्तिन माता जयंती महोत्सव



**राजिम, 18 दिसंबर।** राजिम भक्तिन माता जयंती महोत्सव समारोह मनाने के संबंध में छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ की 16 दिसंबर को भामाशाह छात्रावास टिकरापारा रायपुर में आवश्यक बैठक रखी गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल साहू ने बताया कि इस वर्ष भी राजिम भक्तिन माता जयंती महोत्सव भव्य रूप से श्री संगम धाम राजिम में मनाया जाएगा ।इस संबंध में बैठक में उपस्थित पदाधिकारीयो से विचार विमर्श किया गया। बैठक में छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू ने प्रस्तावना रखते हुए बताया कि हमारे समाज के पूर्वजों का संगठन जो सामाजिक धार्मिक एवं न्याय के क्षेत्र में सिर्फ साहू समाज ही नहीं वरन् अन्य समाज का भी मार्गदर्शन करते रहा है ऐसे संगठन राजिम भक्तिन माता समिति के द्वारा आजादी के समय से ही राजिम भक्तिन माता की जयंती पर्व मनाते आ रहे हैं। वर्ष 1992 में संत माता कर्मा सेवा आश्रम समिति के अध्यक्ष श्रीमती विद्या देवी साहू एवं समिति के नेतृत्व में इस आयोजन को भव्य स्वरूप प्रदान किया गया। वर्ष 2008 में छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के तत्कालीन अध्यक्ष माननीय विधायक श्री मोतीलाल साहू जी के द्वारा इस आयोजन को समिति के सहमति से प्रदेश स्तरीय मनाए जाने का निर्णय लिया गया। तब से यह आयोजन छत्तीसगढ़ ही नहीं वरन देशभर में इस जयंती समारोह की चर्चा होने लगी है। और जयंती समारोह को भव्यता प्रदान करने के लिए पूर्व अध्यक्ष विपिन साहू पूर्व अध्यक्ष स्व अर्जुन हिरवानी के द्वारा भी प्रयास किया गया और राजिम भक्तिन माता समिति का इस आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान रहता है। बैठक में उपस्थित राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने अपना विचार रखते हुए कहा कि इस भव्य आयोजन में भारत देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाए एवं छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री ,मंत्री एवं समाज के 12 नवनिर्वाचित विधायकों का भी सम्मान किया जाए ।जयंती समारोह के दिन प्रसाद वितरण के लिए भोजन भंडारा के लिए दो पंडाल की व्यवस्था किया जाए। जयंती समारोह के अवसर पर समाज के साहित्यकारों कवियों एवं लेखकों की गोष्ठी कराकर राजिम भक्तिन माता की जीवन गाथा को परिमार्जित कर छत्तीसगढ़ के स्कूली पाठ्यक्रमों में भी शामिल कराये जाने का सुझाव छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ को दिया गया। उन्होंने कहा कि 7 जनवरी 2024 को राजिम भक्तिन माता की जयंती महोत्सव श्री संगम धाम राजिम में मनाने के पश्चात छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिलों में 30 जनवरी तक भी मनाने का सुझाव दिया। बैठक में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल सिंह साहू उपाध्यक्ष गण भुनेश्वर साहू मालक राम साहू खिलावन साहू कार्यकारीअध्यक्ष रामकुमार साहू महामंत्री लखन लाल साहू कोषाध्यक्ष हनुमंत साहू न्याय समिति के संयोजक सी बी साहू राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू उपाध्यक्ष वीरेंद्र साहू महामंत्री रामकुमार साहू डॉ दिलीप साहू संरक्षक रूपेंद्र साहू महिला प्रकोष्ठ के संयोजिका शीलू साहू श्रीमती शारदा लोकनाथ साहू चित्रलेखा साहू प्रदेश पदाधिकारी टीकम साहू शैलेंद्र साहू रामरतन साहू जिला अध्यक्षगण राजेश साहू कोंडागांव भागवत साहू राजनांदगांव अवनेंद्र साहू धमतरी धरमदास साहू महासमुंद डिग्री लाल साहू रायगढ़ नारायण साहू गरियाबंद सोमन साहू बालोद आलोक साहू मनोज साहू सरगुजा महेंद्र साहू सुशील साहू कसडोल युवा प्रकोष्ठ के सूरज साहू मुरली साहू प्रफुल्ल साहू सहित विभिन्न जिलों के अध्यक्ष प्रदेश पदाधिकारी एवं मंदिर समिति के संगठन मंत्री छवि साहू तरुण साहू किशन साहू मोतीपुर उपस्थित थे

### चौपाल लगाकर गांव में अवैध शराब बनाने और बेचने पर अंकुश लगाने ग्रामीणों को किया जा रहा जागरूक



**रायगढ़, 18 दिसम्बर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सदानंद कुमार द्वारा गांव में अवैध रूप से महुआ शराब बनाने और बिक्री की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अवैध शराब के विरुद्ध विशेष अभियान चलाये जाने का निर्देश सभी थाना, चौकी प्रभारियों को दिया गया है। उन्होंने प्रभारीगण को गांव में पुलिस जन चौपाल लगाकर इस सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने ग्रामीणों को जागरूक करने तथा प्रत्येक गांव में महिला समूह का गठन का निर्देश दिया गया है। निर्देशों के पालन में थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर द्वारा आज कल थाना क्षेत्र के ग्राम पतरापाली, गोपालपुर, रेगड़ा में जन चौपाल लगाकर लोगों को गांव को शराब मुक्त कराने अवैध शराब के प्रति जागरूक कर नशे से दूर रहने कहा गया और सभी गांव में महिला समूह का गठन किया गया है। इसी कड़ी में थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक रामकिंकर यादव व उनके स्टाफ द्वारा ग्राम बनसिया में चौपाल लगाकर अवैध शराब के प्रति लोगों को जागरुक कर महिला समूह का गठन किया गया है। थाना प्रभारियों ने समूह की महिलाओं को गांव में ऐसी गतिविधियों की तत्काल सूचना थाने में दिये जाने कहा गया है और महत्वपूर्ण मोबाइल नंबर साझा किया गया ।

### राम मंदिर में आयोजित अक्षत कलश पूजन में शामिल हुए ओपी चौधरी



**रायगढ़, 18 दिसम्बर।** रायगढ़। विधायक ओपी चौधरी गांधी गंज स्थित राम मंदिर में आयोजित अक्षत कलश पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए भगवान राम के दरबार में माथा टेकते हुए विधायक ओपी ने कहा राम मंदिर के भव्य शुभारंभ को लेकर अभिमंत्रित चावलो से भरा कलश महिलाए हर वार्ड मे लेकर जा रही है ताकि राम मंदिर के शुभारंभ का घर घर निमंत्रण दिया जा सके। मीडिया से चर्चा के दौरान ओपी ने कहा अयोध्या में भव्य भगवान राम मंदिर के निर्माण के साथ देश भर के हिंदू समाज का वर्षो पुराना स्वप्न हकीकत में पूरा होने जा रहा है। राम मंदिर का निर्माण भाजपा का संकल्प रहा है और इसे पूरा करने के लिए पार्टी से जुड़े नेताओ की पीढियां गुजर गई । राम मंदिर निर्माण के लिए कोठारी बंधुओ के बलिदान का स्मरण करते हुए विधायक ओपी ने कहा वरिष्ठ भाजपा नेता लाल कृष्ण आडवाणी ने देश भर में रथ यात्रा निकाली जिसकी वजह से राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो पाया। राम मंदिर निर्माण के लिए भाजपा नेताओ ने लाठियां खाई जेल की यात्राएं की और अपनी जान तक गंवाई। भगवान राम के मंदिर निर्माण के लिए भाजपा ने एड़ी से चोटी तक जोर लगाया। 2014 के दौरान मोदी सरकार की ताजपोशी के साथ ही सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में छरू जजों की न्याय पीठ ने राम मंदिर के निर्माण से जुड़े तमाम पहलुओं का बारीकी से अध्यन करते हुए माननीय न्याय पीठ ने राम मंदिर निर्माण संबंधी सुनवाई कर राम मंदिर के निर्माण के हक में फैसला सुना दिया ।

# श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन सभी ने भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव उत्साह और उमंग के साथ मनाया



महासमुंद, 18 दिसंबर।पं. श्री रामप्रताप शास्त्री जी महाराज नेनंद बाबा के घर पर उत्सव के माहौल का सुंदर वर्णन करने के साथ आयोजन स्थल का पूरा माहौल भी नंदोत्सव के रंग में पूरी तरह से रंग गया.नंद के आनंद भयो, जय कन्हैयालाल के उद्घोष के साथ समूचा आयोजन परिसर गूंज उठा द्वापर युग में भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव का आनंद मानो फिर से महासमुन्द में जीवंत कर दिया.भक्तों ने भजनों की धुनों पर मगन होकर थिरकते हुए श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का आनंद उजागर किया श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव का आनंद मनाते हुए भक्तों के बीच खूब मिठाई, टॉफीयां और बधाईयां बांटी गयी. कथा प्रसंग में शास्त्री जी ने कहा कि भगवान युगों-युगों से भक्तों के साथ अपने स्नेह रिश्ते को निभाने के लिए अवतार लेते आये हैं.श्री शास्त्री जी ने कहा कि भगवान अपने भक्तों के भाव और प्रेम से बंधे है. उनसे भक्तों की दुविधा कभी देखी ही नहीं जाती. वे अपने भक्तों की कामना की पूर्ति तो करते ही है साथ ही उनके साथ अपने स्नेह बंधन निभाने खुद इस धरा पर आते हैं कथा के दौरान श्री शास्त्री जी ने वामन अवतार, समुंद्र मंथन, श्री राम जन्मोत्सव और भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव का सुंदर और भाव पूर्ण वर्णन किया. शास्त्री जी ने कहा कि भगवान अपने भक्तों के साथ सदा हर पल खड़े रहते हैं. वे भक्तों के हाथों से दी प्रेम और भाव के साथ दी गई वास्तु उसी तरह ग्रहण करते हैं, जिस तरह से उन्होंने द्रौपदी का पुकार और गजेंद्र का पुष्प ग्रहण किया. भगवान ने काल रुपी मकर से भक्त गजराज की रक्षा की तो द्रौपदी के पुकार पर उसका संकट मिटाने स्वयं दौड़े चले आये.यह सारी कथाएं ये प्रमाणित करती हैं कि भक्तों के भाव से सदा बंधे रहनेवाले भगवान भक्तों के साथ अपना स्नेह निभाने खुद आते हैं. ठाकुरजी सिर्फ यह कभी नहीं चाहते कि उसके भक्त के पास अहंकार रहे. ठाकुरजी अपने भक्त से ये भी कहते हैं कि मुझे, वो वस्तु अर्पित कर, जो मैंने तुझे कभी नहीं दी. ठाकुरजी कहते हैं- ऐसी कोई वस्तु जो मैंने तूझे नहीं दी, वह अहंकार है. यह मैंने तूझे नहीं दिया. बल्कि तूने खुद इसे अपने भीतर तैयार किया है. शास्त्री जी ने कहा भगवान को अगर पाना है तो मन में इस भाव को बसा लेना होगा कि मेरा सब कुछ मेरे ठाकुरजी है. मेरे पास अपना कुछ भी नहीं जो कुछ भी है सो मेरे ठाकुर जी का ही है. गजेंद्र मोक्ष पाठ की महिमा बताते हुए कहा कि जो भी यह पाठ करता है. उस पर ठाकुरजी की कृपा सदा बनी रहती है. संकट उस पर सपने में भी नहीं आते. माता-पिता के चरण पकड़ लो, किसी और की चरण वंदना की आवश्यकता ही नहीं पड़ेगी. जीवन में सब कुछ जरूरी है पर एक मर्यादा के अंदर सभी हो तो तभी तक सब ठीक है. श्री शास्त्री जी ने समुंद्र मंथन से जुड़ी कई रोचक कथाएं सुनाई. उन्होंने कहा कि अहंकार बुद्धि और ज्ञान का हरण कर लेता है. ठीक उसी प्रकार जैसे अहंकार से ग्रसित दानवों ने समुंद्र मंथन के समय बासुकी नाग के मुख को पकड़ना श्रेयस्कर समझा और भगवान के मोहिनी रूप पर मंत्र मुग्ध हो उठे.भगवान के वामन अवतार को तीन कदम आश्रय स्थली दान में देने के बाद राजा बलि को पाताल लोक की शरण लेनी पड़ी. इसलिए कुछ भी करो, सोच समझ कर करो, जो कुछ भी तोल-मोल कर बोलो. मीठा और मधुर बोलो.

### मोहंदी में भागवत कथा 23 से

महासमुंद। ग्राम मोहंदी में 23 से 30 दिसंबर तक श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। कथा दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक होगा। कथा वाचक पंडित धनजंय तिवारी मानपुर बागबाहरा होंगे। जानकारी देते हुए श्रीमती कमला बाई कनौजे, राजेश कनौजे, डिलेश्वर कनौजे ने बताय कि 23 दिसंबर को वेदी कलश स्थापना, गौकर्ण कथा, 24 को भगवान विष्णु के 24 अवतार, राजा परीक्षित का जन्म, 25 को वराह अवतार, शिव-पार्वती विवाह, 26 को भरत चरित्र, प्रहलाद चरित्र, 27 को वामन अवतार, राम-कृष्ण अवतार, 28 को कृष्ण की बाल लीला, रामलीला, कृष्ण रूखमणी विवाह, 29 दिसंबर को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, 30 दिसंबर को गीता, हवन, कपिला दर्पण एवं महाप्रसादी होगा। उन्होंने धर्म प्रेमियों से कथा का अधिक से अधिक से लाभ लेने की अपील की है।

### महिलाओं को सशक्त बनाने मोदी सरकार प्रतिबद्धःसुधा

**महासमुंद।** भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती सुधा साहू ने कहा कि महिलाओं को सशक्त व आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने मोदी सरकार सतत प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में अब महिलाओं के लिए लखपति दीदी, ड्रोन दीदी योजना के तहत महिलाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती साहू ने बताया कि देश के अन्य क्षेत्रों की तरह अब छत्तीसगढ़ सहित महासमुंद जिले में भी ड्रोन के जरिए फसल और पौधों की सुरक्षा करने की पूरी तैयारी है। यह योजना किसानों को खेती- किसानी को लेकर सहूलियत प्रदान करने की मंशा से लाई गई है। ड्रोन का संचालन स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं करेंगी। इसके लिए जगह-जगह महिला ड्रोन केंद्र खोले जाएंगे। इस योजना के तहत ड्रोन्स की मदद से फसलों को बचाने के लिए उर्वरकों, कीटनाशकों का छिड़काव और सर्वे का काम किया जाएगा। साथ ही इसकी मदद से खेतों में बीज भी डाला जा सकेगा। सरकार अगले तीन वर्षों के दौरान देश भर की महिला स्व-सहायता समूहों को 15 हजार ड्रोन उपलब्ध कराएगी। ताकि, वह इस तकनीक का उपयोग आजीविका सहायता के लिए कर सकें।श्रीमती साहू ने बताया कि सरकार इस योजना के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2025-26 तक 1261 करोड़ रुपए खर्च करेगी।

## समाचार संक्षेप

### विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर लोगों में गजब का उत्साह




**बीजापुर 18 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने एवं इन योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन 17 दिसम्बर को जिले के अंतर्गत ग्राम पंचायत मद्देड़,वंगापल्ली, पेगड़ापल्ली, अंगमपल्ली, कुटरू, मंगापेठा, अडावली, अम्बेली, संतषपुर, मनकेली, कैका, कडेर, नुकनपाल,चेरकडोडी,आवापल्ली एवं चिंताकोटा में किया गया। इस दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों सहित पंचायत पदाधिकारी और जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान के अनुरूप आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत संकल्प को पूरा करने का शपथ लिया। इस मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के हमारा संकल्प विकसित भारत सन्देश को तन्मयता के साथ श्रवण किया। कार्यक्रम में केन्द्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने हेतु आईईसी मोबाइल वैन के जरिए प्रधानमंत्री श्री मोदी का संदेश, योजनाओं की जानकारी और योजनाओं से संबंधित चलचित्र प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, हर घर जल-जल जीवन मिशन, स्वामित्व योजना, जन-धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना इत्यादि की विस्तृत जानकारी जनसाधारण को दी। इसके अलावा योजनाओं से संबंधित पाम्पलेट, बुकलेट आदि वितरित करने के साथ-साथ योजनाओं के लाभ लेने के लिए आवेदन, लाभ वितरण भी किया गया। साथ ही प्राकृतिक खेती, स्वाईल हेल्थ कार्ड के संबंध में जानकारी दी गई।इस दौरान किसान क्रेडिट कार्ड प्रदाय, उज्जवला योजना, आधार कार्ड अपडेटेशन,आयुष्मान भारत कार्ड आदि के स्टॉल लगाकर पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किये जाने आवेदन पत्र प्रतिपूरित कराया गया। वहीं स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच कर उपचार किया गया और उन्हें निःशुल्क औषधि प्रदान किया गया।

### एसएसपी ने धरमजयगढ़ डिवीजन के थाना प्रभारियों की ली समीक्षा बैठक

**रायगढ़, 18 दिसम्बर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा थाना घरघोड़ा में धरमजयगढ़ अनुविभाग अंतर्गत आने वाले थाना प्रभारियों की बैठक लेकर अपराध समीक्षा किया गया । बैठक में एसडीओपी धरमजयगढ़ श्री दीपक मिश्रा भी उपस्थित थे। उन्होंने बारी-बारी सभी थानों की पेंडेंसी और कार्यवाही की समीक्षा किए। लंबित मामलों के निकल के संबंध में थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारी को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वर्षान्त के अंत तक पेंडेंसी कम करें और लघु व प्रतिबंधात्मक कार्यवाही बढ़ावें। बैठक में अवैध शराब, गांजा, नशीली दवाओं पर प्रभावी कार्यवाही का दिशा निर्देश देते हुए अवैध शराब पर अंकुश लगाने पुलिस जन चौपाल लगाकर अवैध शराब के प्रति जागरूकता लाने तथा महिला समूह बनाए जाने का निर्देश दिया गया । बैठक में सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस मुख्यालय के महत्वाकांक्षी योजना श्सड़क सुरक्षा मितानश् के उचित क्रियान्वयन के संबंध में निर्देशित करते हुए कहा गया कि घरघोड़ा, तमनार और पूंजीपथरा क्षेत्र में भारी वाहनों के अत्यधिक दबाव रहता है। थाना प्रभारी गांवों में जाकर मीटिंग आयोजित करें और योजना का जिले में बेहतर क्रियान्वयन किया जावे।बैठक में थाना प्रभारियों को निर्देशित किए कि थाने में शिकायत लेकर आने वाले प्रत्येक फरियादी से थाना प्रभारी व स्टाफ शिष्ट व्यवहार करें। थाना प्रभारी फरियादी से स्वयं मिले और शिकायत पर विधि अनुरूप कार्यवाही करें । पुलिसिंग में कसावट लाने प्रभारियों को निर्देशित करने हुये कहा गया ।कि थाने में पीड़ित की बात नहीं सुने जाने पर वे वरिष्ठ कार्यालय आते हैं। ऐसा उचित नहीं है उन्होंने थाना प्रभारी को स्पष्ट निर्देशित किया गया ।

# 9 से तीन दिवसीय ऐतिहासिक दादी भागवत एवं चरण पादुका उत्सव

रायगढ़, 18 दिसम्बर। शहर की सुप्रसिद्ध धार्मिक एवं सामाजिक संस्था दादी सेवा समिति की अभिनव पहल से आगामी 19 दिसंबर से भव्य तीन दिवसीय दादी भागवत एवं चरण पादुका उत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। वहीं इस संबंध में कल शाम चार बजे होटल साकेत में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान विस्तृत जानकारी देते हुए इस ऐतिहासिक आयोजन की संयोजिका श्रीमती आशा अग्रवाल टाइटन ने बताया कि यह आयोजन छत्तीसगढ़ में पहली बार रायगढ़ शहर में किया जा रहा है। जो आगामी 19 से 21 दिसंबर तक तीन दिवसीय आयोजन शहर के नटवर स्कूल मैदान में दोपहर तीन से रात दस बजे तक प्रतिदिन होगा। जिसकी तैयारी में सभी सदस्यगण भव्यता देने में जुटे हैं। वहीं समिति के सदस्यगण जिले के अतिरिक्त अन्य राज्यों के श्रद्धालुओं को भी दादी सेवा समिति के श्रद्धालुओं ने निमंत्रण दे चुके हैं।वहीं देशके सुप्रसिद्ध देवी भागवत के प्रमुख वक्ता पंडित ऋषि शर्मा के मुखार विंद से यह आयोजन व चरण पादुका उत्सव मंगसीर नवमीं के पावन उपलक्ष्य में आगामी 19, 20 व 21 दिसंबर को शहर के नटवर स्कूल मैदान में होगा। जिसकी तैयारी में श्री राणी सती दादी सेवा समिति व दादी सेना के सभी श्रद्धालुगण जुटे हैं।



### अत्यंत खास है यह धार्मिक आयोजन

इस ऐतिहासिक एवं भव्य आयोजन की प्रमुख संयोजिका श्श्रीमती आशा अग्रवाल टाइटनश् ने बताया कि। यह आयोजन छत्तीसगढ़ व रायगढ़ जिले में पहली बार आयोजित किया जा रहा है। जिसमें कोलकाता, नेपालए, सीतापुर, संबलपुर, झारसुगड़ा, मुंबई, झुनझुन, दिल्ली सहित पूरे भारत देश के श्री राणी सती दादी सेवा समिति के श्रद्धालुगण बड़ी श्रद्धा से शामिल होंगे। वहीं यह आयोजन हर श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। क्योंकि इस दादी भागवत के अंतर्गत मूल रुप से दादी जी के संपूर्ण जीवन वृतांत की गाथा का श्रवण देश के सुप्रसिद्ध देवी भागवत के कथा वाचक ऋषि शर्मा के दिव्य प्रवचनों के साथ सभी श्रद्धालुगण कथा का रसपान करेंगे। वहीं इस भव्य धार्मिक आयोजन में मंगलपाठ के रचियता पं रमाकांत शर्मा के परिवार भी गोरेगांव मुंबई से शामिल होंगे।

### कार्यक्रम का निर्धारित समय

उन्होंने ने बताया कि धार्मिक इस भव्य आयोजन के अंतर्गत आगामी 19 व 20 दिसंबर को नटवर स्कूल मैदान में सुबह 10 से दोपहर दो बजे व शाम चार बजे से आठ बजे तक इसी तरह आगामी 21 दिसंबर को सुबह 8 से 10 बजे तक दादी जी का चरण पादुका उत्सव व 11 से दोपहर दो बजे तक भागवत समापनए शाम 6 बजे से भजन संध्या व इसके पश्चात सभी श्रद्धालुओं के लिए रात दस बजे तक महाभंडारा प्रसाद का आयोजन होगा।

### देश के शीर्ष कलाकार देंगे प्रस्तुति

उन्होंने बताया कि इस भव्य धार्मिक कार्यक्रम में देश के सुप्रसिद्ध भजन गायक मूलचंद बजाज जी कोलकाताए पंडित ऋषि शर्मा जी मुंबईए सौरभ मधुकर जी कोलकाता व सुप्रसिद्ध भजन सिंगर सुरभि बिरजुका जी सूरत अपने टीम के कलाकार के साथ शिरकत कर कार्यक्रम में चार चांद लगाएंगे।

## एक नजर

### बुजुर्ग से मारपीट

**रायपुर, 18 दिसम्बर।** ग्राम नकटी स्थित बालक दास चौक के पास चार लोगों ने जमीन विवाद के चलते एक बुजुर्ग से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर माना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी नीलमणी चौबे 68 वर्ष ग्राम नकटी का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी संजय सारंग, सुनील सारंग, सोनलाल बंजारे व अन्य ने जमीन विवाद को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया।

### तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकराई, एक की मौत

**रायपुर, 18 दिसम्बर।** गुढ़ियारी स्थित केनरा बैंक के सामने बाइक सवार तीन युवक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गए। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई। वहीं दूसरा घायल है। मामले में गुढ़ियारी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक रोहित यादव 18 वर्ष विकास नगर गुढ़ियारी का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमपी 5125 में अपने दोस्त अजय गायकवाड़ और एक अन्य के साथ घुमने निकला था। तभी बाइक गुढ़ियारी के केनरा बैंक के सामने अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में रोहित यादव की मौत हो गई। वहीं दो अन्य घायल हो गए, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है।

### नकली यूरिया खाद बेचते दो गिरफ्तार

**रायपुर, 18 दिसम्बर।** ग्राम गुजरा में नकली टाटा डीईएफयूरिया खाद बेचने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में मंदिरहसौद पुलिस ने दो लोगों के खिलाफकार्रवाई कर 26 बाल्टी नकली यूरिया जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पश्चिम बंगाल निवासरी राजेश रविदास ने मंदिरहसौद थाना में शिकायत किया कि ग्राम गुजरा में आरोपी कुबेर साहू व अभिषेक पांडेय टाटा डीईएफयूरिया का नकली खाद बेच रहे है। सूचना पर पुलिस की टीम ने दबिश देकर 26 बाल्टी नकली यूरिया खाद जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 34450 रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफकॉपी राइट एक्ट की धारा 63 के तहत कार्रवाई की है।

### दो सटोरिए चढ़े पुलिस के हत्थे

**रायपुर, 18 दिसम्बर।** देवेन्द्र नगर पुलिस ने दो सटोरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास सट्टा-पट्टी सहित नकदी 1180 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार देवेन्द्र नगर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एचडीएफसी बैंक के पास सेक्टर 1 में दो युवक सट्टा खिला रहे है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी संजय चौहान 30 वर्ष व अब्दुल अजीज 42 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से सट्टा-पट्टी सहित नकदी 1180 रुपए जब्त किया है।

### सरेआम शराब पीते दर्जन भर गिरफ्तार

**रायपुर, 18 दिसम्बर।** राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफअभियान चलाकर सरेआम शराब पीते दर्जन भर लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफआबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया है। मिली जानकारी के अनुसार धरसींवा पुलिस ने ग्राम तिवरईया के पांडे ढाबा के पास सरेआम शराब पीते आरोपी लवलेश पाण्डेय (25) एवं मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी वरूण कोसरिया (22) व विवेक चंद्राकर (24) को गिरफ्तार किया है। वहीं उरला पुलिस ने आरोपी संतराम साहू (40), संजय विश्वकर्मा (40) व शंकर साहू (23) को गिरफ्तार किया है। इसी तरह तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी आरोपी कोगेन्द्र सिंह भानू (26), छेदी लाल केवट (32), जगदीश श्रीवास (53) व सनत साहू (25) को गिरफ्तार किया है। वहीं मौदहापारा पुलिस ने आरोपी विनय कुमार ठाकुर (40) व पप्पू बिसेन (40) को गिरफ्तार किया है।

### 22 पाव देशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 18 दिसम्बर।** खरोरा पुलिस ने ग्राम पचरी में दबिश देकर अवैध शराब बेचते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 22 पाव देशी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के खरोरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम पचरी रोड स्थित चीरघर के पास दबिश देकर आरोपी देवचरण ध्रुव 21 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 22 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 150 रुपए जब्त किया है।

# प्रभातफेरी निकाल गुरु तेगबहादुर साहिब को शहीदी दिवस पर किया नमन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 18 दिसम्बर।** सिक्ख पंथ के नवम गुरु तेगबहादुर साहिब के शहीदी दिवस पर स्थानीय पंजाबी गुरुद्वारा गुरूसिंघ सभा में उनकी शहादत को नमन करते हुए अमृत वेले (सुबह 5 बजे) से नितनेम का पाठ किया गया, उसके उपरांत समाज के महिलाओं, पुरुषों एवं बच्चों ने मिलकर प्रभातफेरी निकाली जो पंजाबी गुरुद्वारा से आरम्भ होकर झूलेलाल धाम से बस स्टैंड चौराहा, महासती मंदिर से रामसत्ताह चौक से जयस्तंभ होते हुए मल गली से हटरी बाज़ार होते हुए पंजाबी गुरुद्वारा में सम्पन्न हुई, सिक्ख सेवा संस्था के युवा वीरों द्वारा संगत के लिये चाय नाश्ते की सेवा रखी गई थी। समाज की महिलाओं द्वारा गुरुतेगबहादुर साहिब जी के शहादत पर गुरबानी के शबद कीरतन से अपनी भावांजली अर्पित की।

कश्मीरी पंडितों को तात्कालिक मुगल शासक औरंगजेब द्वारा जबरिया धर्मांतरण कर पूरे मुल्क में एक ही धर्म की हुकूमत चलाना चाहते थे कश्मीरी पंडितों के जनेऊ और तिलक हटाना चाहते थे तब उन्होंने गुरु जी से इस जुल्म की दास्तां सुनाई, तब गुरुतेगबहादुर जी ने कश्मीरी पण्डितों से कहा कि मुगलिया शॉसक से कहो कि यदि गुरुतेगबहादुर साहिब इस्लाम कुबूल कर लेते है तो हम सभी आपका धर्म स्वीकार कर लेंगे, दिल्ली के लाल किले से शाही फरमान जारी हुआ और गुरु तेगबहादुरजी अपना चांदनी चौक पर अपना शीश देकर धर्म की रक्षा की और हिन्द की चादर के नाम से पूरे मुल्क में जाने गये। आज ही शाम पंजाबी गुरुद्वारा गुरूसिंघ सभा में उनके शहीदी दिवस पर गुरबाणी का शबद कीरतन और सिमरन कर उनकी शहादत को नमन किया गया साथ ही संगत के लिए लंगर का भी रखा गया। इस शहीदी कार्यक्रम में समाज प्रधान त्रिलोक सिंह के साथ साथ बंटी छाबड़ा अरुण वीर, हरमिन्दर सिंह, अमरजीत सलूजा ग्रीन्स, देवेन्द्र सचदेव, रगबीर मक्कड़, महेन्दर सिंह, हरभगवान गुम्बर, हरविंदर सलूजा मिनकु, सोनू छाबड़ा, रविन्दर चावला, जोगिन्दर सलूजा, बलविंदर सिंह छाबड़ा, हरप्रीत सलूजा राजू, मनजीत सिंह सप्पल, इन्द्रजीत सिंह राणा, रणजीत सिंह, परमजीत छाबड़ा आदि बड़ी संख्या में माताओं, बहनों और बड़े - छोटे वीरों ने अपनी भागीदारी निभाई।

## विधायक रोहित साहू का नगर आगमन पर जबरदस्त स्वागत

# युवा मोर्चा ने की बुलडोजर से पुष्पवर्षा अल्पसंख्यक मोर्चा ने श्रीफल से तौला

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 18 दिसम्बर।** राजिम विधानसभा क्षेत्र से जीत हासिल कर विधानसभा के क्षेत्र के मतदाताओं का आभार व्यक्त करने शनिवार को नवनिर्वाचित विधायक छुरा नगर पहुँचे इस दौरान उनके साथ महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सासंद चुन्नीलाल साहू, भी साथ पहुँचे छुरा बस स्टैंड के पास भाजपा कार्यकर्ताओ ने विधायक के प्रथम नगर आगमन पर आतिशबाजी के साथ जबरदस्त स्वागत किया जिसके बाद विधायक रोहित साहू कार्यकर्ताओं के साथ लोगों का अभिवादन करते हुए पैदल बजरंग चौक पहुँचे जहाँ बजरंग चौक पर विधायक और सासंद ने बजरंग मंदिर मे पूजा अर्चना किया जिसके बाद भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के द्वारा विधायक रोहित साहू को श्रीफल से तौला गया जिसके बाद विजय रैली सदर बाजार होते हुए नगर के शीतला मंदिर दर्शन करते हुये स्वर्ण जयंती चौक पहुंचे जहाँ भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने विधायक रोहित साहू को बुलडोजर मे चढ़ा कर पुष्प वर्षा के साथ विधायक का स्वागत किया युवा मोर्चा के स्वागत के बाद विजय रैली नगर पंचायत के बाहर कार्यक्रम स्थल पहुंचा जहाँ महिला मोर्चा द्वारा विधायक का पुष्प माला पहनाकर आरती उतारकर स्वागत किया गया।

इस दौरान नगरवासियो व कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए नवनिर्वाचित विधायक रोहित साहू ने कहा कि राजिम विधानसभा कि जीत का श्रेय भारतीय जनता पार्टी के हर कार्यकर्ताओं के साथ राजिम विधानसभा क्षेत्र कि जनता को जाता है जिसने एक गरीब किसान को अपना अमूल्य वोट देकर राजिम विधानसभा मे कमल खिलाया मै वादा करता हूँ कि आपके रोहित साहू राजिम विधानसभा क्षेत्र कि जनता के कदम से कदम मिलाकर चलेगा आपके हर सुख दुख मे आपके साथ रहूंगा, आस सभी ने भारतीय जनता पार्टी के साथ हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊपर विश्वास करते हुए प्रदेश मे भारतीय जनता पार्टी का सरकार बनाया और मै वादा करता हूँ कि शीर्ष नेताओं के मार्गदर्शन मे छत्तीसगढ़ नई विकास गढ़ेगा हमारी सरकार बनते ही 5 साल से बंद पड़े प्रधानमंत्री आवास का फ़िर से शुरू कर दिया है अब प्रदेश के 18 लाख लोगो का आवास बनाने का कार्य शुरू कर दिया है घोषणा पत्र के अनुसार प्रदेश के किसानों को पिछला बोनस बकाया देने का वादा पर कार्य शुरू हो चूका है तो भारतीय जनता पार्टी ने जो वादा किया है उसे जरूर पूरा करेगा।

इस अवसर पर महासमुंद लोकसभा के सासंद चुन्नीलाल साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विकास पर विश्वास करती है पूरा देश आज हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे विकास कर रहा है मोदी जी कि गारंटी है और उनकी गारंटी पर छत्तीसगढ़ कि जनता ने मुहर लगाकर छत्तीसगढ़ के विकास पर मुहर लगा दिया है अब छत्तीसगढ़ डबल इंजन के सरकार के साथ पूरा प्रदेश विकास करेगा, उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने पांच साल के कार्यकाल मे प्रदेश मे गुंडागर्दी, भ्रष्टाचार, अवैध कारोबर को बढ़ावा दिया लेकिन अब फ़िर से भाजपा इन अनैतिक कार्यो पर लगाम लगाकर प्रदेश मे शांति व्यवस्था कायम करेगी, इस अवसर पर खोमन चंद्राकर, रिंकू सचदेवा, लेखु धुर्वा, केसरी ध्रुव, अजमेर खान, कादर खान, खेमलाल यादव, राजू साहू, महेन्द्र सिन्हा, सफर सचदेव, रमेश सिन्हा, रितुराज शाह, रुद्रदेव वर्मा, राकेश शर्मा, अघारु राम, पंकज निर्मलकर, मनजीत, गैदराम मानसिंग निषाद, शेख आलम, अजय दीक्षित, मीना चन्द्राकर, भारती सोनी, चित्रलेखा ध्रुव, बसंती कंवर, तोकेश्वरी मांझी, नारायण सिन्हा, तुलाराम साहू, विजय देवांगन, रामलाल कुलदीप, कुनाल कोठारी, लोकेश चन्द्राकर, वेदराम नन्दे इमरान मेमन, अशोक माधवानी, राम लाल कुलदीप, के आर सिन्हा, चुन्नी सोनी, गुलाब दीवान, पुष्पा लता, शंकर सेन भोले शंकर जायसवाल, कान्हा कोठरी, बड़ी संख्या मे भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# खोखो नेशनल खेलकर लौटे खिलाड़ियों का स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 18 दिसम्बर।** 67 राष्ट्रीय नेशनल क्रीडा स्पर्धा का आयोजन महाराष्ट्र के नासिक मैं हुआ यह मैच 12 दिसंबर से 16 दिसंबर तक चला नेशनल खेल कर घर पहुंचने पर द्विप क्लब कोदवा एवं समस्त ग्रामवासी ने शत्रुघ्न पिता छेदूराम निषाद का भव्य स्वागत किया गया इस स्वागत का कार्यक्रम रैली को द्विप क्लब के सदस्य एवं बच्चों द्वारा रखा गया था खेल कर लौटने पर शत्रुघ्न निषाद ने समस्त ग्रामवासी एवं द्विप क्लब के बच्चों को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया और लोगों को खेल के प्रति लगाव रखने के लिए प्रोत्साहित किया और अपना अनुभव लोगों के साथ साझा किया इस कार्यक्रम में गांव के सभी वर्ग के लोगों ने अपना अमूल्य समय निकालकर पहुंचे थे इसके लिए शत्रुघ्न निषाद के पिता छेदूराम निषाद ने लोगों को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया जिसमें दीप क्लब के बच्चों एवं सदस्यों उपस्थित थे सुनील वर्मा, सागर वर्मा, पुरुषोत्तम यदु (दीनू रजक आर्मी जवान) रामसत्ता वर्मा, दौलत वर्मा, रामेश्वर वर्मा, ऋषि यदु तुलसी वर्मा, ज्ञानचंद वर्मा, मोरध्वज वर्मा, बलदाऊ वर्मा, गणेश जायसवाल, कुमार यदु, तोसन लाल निषाद, खिलेश, फगुराम वर्मा, राजेंद्र निषाद, रामटहल निशाद भरत निषाद, छत्रपाल निषाद, सत्यम वर्मा, धनेश्वर निषाद, अजय वर्मा, वासुदेव वर्मा, चंदन निषाद, शिवा निषाद, हरीश निषाद, टकेश्वर वर्मा, राजा, केशव, राजशेखर, डाकोरनाथ, नागेश्वर, गौरव, तेजप्रकाश, भागवत, पुष्कर, धर्मेंद्र नमेश।

## गांजा के साथ दो युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 17 दिसम्बर।** कबीरनगर पुलिस की टीम ने वीर सावरकर नगर में गांजा बेचने के लिए ग्राहक तलाशते दो युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 5 किलो गांजा जब्त् किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि हीरापुर स्थित वीर सावरकर नगर में दो व्यक्ति अपने पास थैले में गांजा रखें है तथा बिक्री करने की फ़िराक में है। जिस पर पुलिस की टीम मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्तियों की पतासाजी कर व्यक्तियों को चिन्हांकित करते हुए पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम विजय सिन्हा 33 वर्ष एवं गुरप्रीत सिंह 24 वर्ष निवासी हीरापुर कबीर नगर रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उनके पास रखें थैले की तलाशी लेने पर थैले में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर आरोपी विजय सिन्हा एवं गुरप्रीत सिंह को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 05 किलोग्राम गांजा कीमती लगभग 50,000 रुपये जप्त किया।

## समाचार संक्षेप

### 26 तक कर सकेंगे कार्मिक संपदा पोर्टल में ओपीएस या एनपीएस विकल्प अपलोड कर प्रकरणों का निराकरण

**बलौदाबाजार, 18 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** संचालनालय पेंशन एवं भविष्य निधि छत्तीसगढ़ द्वारा कार्मिक संपदा पोर्टल में ओपीएस या एनपीएस विकल्प अपलोड कर प्रकरणों के निराकरण के लिए आगामी 26 दिसम्बर 2023 तक समय-सीमा निर्धारित किया गया है। इस सम्बंध में सभी जिला कोषालय अधिकारियों को परिपत्र जारी कर सम्बंधित आहरण-संवितरण अधिकारियों को समय-सीमा में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने कहा गया है। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी के के दुबे द्वारा अवगत कराया गया है कि ऐसे प्रकरण जिनमें ओपीएस या एनपीएस चयन हेतु निर्धारित समय-सीमा में विकल्प प्रस्तुत कर दिया गया है, किन्तु कार्मिक संपदा में अपलोड नही किया जा सका है। उन प्रकरणों को परीक्षण उपरांत कार्मिक संपदा पोर्टल में अपलोड करने हेतु जिला कोषालय अधिकारी को अधिकृत किया गया है। विगत 01 नवम्बर 2004 से 31 मार्च 2022 तक नियुक्त शासकीय सेवक जो विकल्प प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 08 मई 2023 तक सेवानिवृत्त या मृत हो चुके हैं तथा संबंधित के द्वारा विकल्प प्रस्तुत नहीं किया गया है, ऐसे प्रकरणों में संबंधित सेवानिवृत्त शासकीय सेवक या मृत शासकीय सेवक के नॉमिनी द्वारा पुरानी पेंशन योजना में आने का विकल्प प्रस्तुत करने की अनुमति प्रदान किये जाने के फलस्वरूप परीक्षण उपरांत विकल्प स्वीकार कर अपलोड किया जाना है। उपरोक्त प्रकरणों को कार्मिक संपदा पोर्टल में अपलोड करने हेतु नयी व्यवस्था का निर्धारण किया गया है जिसके तहत संबंधित आहरण संवितरण अधिकारी द्वारा मेकर आईडी से संबंधित दस्तावेज अपलोड किये जायेंगे एवं चेकर आइडी से विकल्प को वेरिफाई किया जावेगा तदुपरांत कोषालय अधिकारी द्वारा प्रकरणों को ऑथोराइज्ड किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि यह कार्य विशेष अभियान के तहत आगामी 26 दिसम्बर 2023 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाना है। अतएव संबंधित समस्त आहरण संवितरण अधिकारियों द्वारा निर्धारित समय- सीमा में कार्मिक संपदा पोर्टल में ओपीएस या एनपीएस विकल्प अपलोड कर प्रकरणों का निराकरण करना सुनिश्चित किया जाए।

### अति गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान व मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना शिविर से लाभांवित करने समन्वय बैठक संपन्न



**बलौदाबाजार, 18 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर जिले में कुपोषण की दर को कम करने हेतु एम्स रायपुर और यूनिसेफके तहनीकी सहयोग से अति गंभीर कुपोषित बच्चों को मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना अंतर्गत स्वास्थ्य जांच एवं सीएसएएम कार्यक्रम के ऊपर जिला स्तरीय बैठक महिला एवं बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के समन्वय बैठक आयोजित किया गया। बैठक में कुपोषित बच्चों समुदाय आधारित पोषण प्रबंधन कार्यक्रम के सुचारू रूप से संचालन और जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रत्येक गुरूवार को शिशु रोग विशेषज्ञों के द्वारा स्वास्थ्य जांच कराने के निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा गंभीर कुपोषित बच्चों के लिए आवश्यक दवाई उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सीएसएएम कार्यक्रम के तहत् बिना किसी चिकित्सा जटिलता वाले सैम बच्चों सीएसएएम कार्यक्रम में भर्ती कराकर उनका फॉलोअप किया जाएगा तथा और जटिलता वाले सैम बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्र में में भर्ती किया जाएगा। जिले के सभी 2083 गंभीर कुपोषित बच्चों के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के माध्यम् से स्वास्थ्य परीक्षण किया जायेगा। ''उक्त अभियान को सुघ्घर अभियान'' का नाम दिया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एम.पी. महीश्वर ने कहा कि इन बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सक नामित किया गया है। नामित चिकित्सक आयोजित शिविर में केवल बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जावेगा। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी, टिक्कवेन्द्र जाटवर, सीएचएमओ डॉ.एम.पी महिश्वर, डॉ. के. के. टेंभूरने शिशुरोग विशेषज्ञ, डॉ राजेश कुमार अवस्थी सिविल सर्जन, डॉ. योगेन्द्र वर्मा पोषण पुर्नवास केन्द्र नोडल अधिकारी, आदित्य शर्मा, डीपीएम अनुपमा तिवारी रूपेश चक्रधारी जिला पोषण समन्वयक एम्स रायपुर, नीरज सिंह ठाकुर परियोजना अधिकारी लवन, जया पटेल परियोजना अधिकारी पलारी, पारस साहू प्रभारी जिला सलाहकार शिशु स्वास्थ्य एवं भानू वर्मा फर्मसिस्ट उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय आईटी सेल प्रभारी ने रोहित साहू को दी बधाई



**छुरा, 18 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राष्ट्रीय आई टी सेल प्रभारी एवं शालेय शिक्षक संघ के प्रदेश महामंत्री व आध्यात्मिक संग्रहालय गौरव पथ राजिम के संचालक विवेक कुमार शर्मा ने राजिम विधायक रोहित साहू को उनके जीत की बधाई दी एवं शुभकामनाएं दी साथ ही ईश्वरीय सौगात भेंट की।इस अवसर पर शालेय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष प्रदीप पांडेय, ब्लॉक अध्यक्ष सर्वेश शर्मा, व्याख्याता गण मनीष शर्मा, के आर निर्मलकर, अशोक खुटियारे, नरेंद्र साहू, भूपेंद्र साहू, देवांगन मैडम तथा जिला गरियाबंद के शिक्षक संघ के कर्मचारी उपस्थित हुए, इस अवसर पर विधायक श्रीरोहित साहू जी द्वारा शिक्षकों की समस्या का निवारण करने का आश्वासन दिया गया और सबको मिठाई खिलाकर धन्यवाद दिया गया।

## शासकीय कचना धुरवा महाविद्यालय में यूनिसेफ और अष्टांग योग पर हुई बौद्धिक परिचर्चा

# महिला हेल्पलाइन, गुड-बैड टच, साइबर क्राइम, घरेलू हिंसा के बारे में दी जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 18 दिसम्बर।** शासकीय कचना धुरवा महाविद्यालय छुरा के एनएसएस इकाई द्वारा ग्राम टेंगनाबासा में चल रही सात दिवसीय विशेष शिविर का तृतीय दिवस के बौधिक सत्र में जिला यूनिसेफअधिकारी सुश्री चित्रा साहू द्वारा व्यक्तित्व विकास, सुरक्षितपारा, सुरक्षित लईकामन थीम पर चर्चा किये और ग्राम संपर्क अभियान को सफ्ल बनाने के योजनाओं के बारे में जानकारी दिया। साथ ही बच्चों को खेल के माध्यम से प्रश्न उत्तर सेशन किये साथ ही यूनिसेफजिला समन्वयक गरियाबंद तुलेश्वर साहू ने बाल विवाह, बाल श्रम, पॉक्सो एक्ट के बारे में जागरूक किया।द्वितीय सत्र में सखी वन स्टॉप सेंटर अधिकारी श्रीमति रचना सिन्हा द्वारा महिला हेल्पलाईन, गुड टच बैड टच, साईबर क्राइम, घरेलू हिंसा से संबंधित जानकारी दिया गया और विभिन्न हेल्प लाइन नंबर के बारे में जागरूक किया। बिहान स्व सहायता समूह के दीदी श्रीमति हुलसी ध्रुव एवं श्रीमति एस कुमारी के द्वारा लिंग भेद को कम करने के बारे में चर्चा किया गया।द्वितीय बौद्धिक सत्र में मिथलेश सिन्हा योगाचार्य के द्वारा अष्टांग योग के ऊपर चर्चा किया




गया जिसमे उन्होंने यम : का अर्थ है संयम। यह पाँच हैं-अहिंसा, सत्य, अस्तेयं, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह। नियम भी पाँच हैं-शौंच-आन्तरिक और वाह्य शुद्धि, संतोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वरप्राणिधान।

आसनः स्थिरता और सुखपर्वू के एक ही स्थिति में बहुत देर तक बैठने का नाम आसन है। ध्यान के लिए सिद्ध, पद्म, सुख, स्वास्तिक आदि अनेक आसन हैं।

**प्राणायामः** श्वास-प्रश्वास की गति के विच्छेद का नाम अर्थात् श्वास, प्रश्वास की गति के सामान्य प्रवाह को रोककर विशेष गति में आने का नाम प्राणायाम है।

**प्रात्याहारः** इन्द्रियों को रूप, रस आदि अपने-अपने विषयों से हटाकर अन्तर्मुखी करने का नाम प्रत्याहार है।

**धरणाः** चित्त को नाभिचक्र, आज्ञाचक्र आदि किसी स्थान में स्थिर कर देना धरणा है।

**ध्यानः** किसी स्थान में ध्येय वस्तु का ज्ञान जब तेलधरावत एक प्रवाह में संलग्न होता है, तब उसे ध्यान कहते हैं। ध्यान में ध्यान, ध्येय और ध्याता का पृथक-पृथक भान होता है।

**समाधिः** जब ध्यान ही ध्येय के आकार में भासित हो और अपने स्वरूप को छोड़ दे तो वही समाधि है।

समाधि में ध्यान और ध्याता का भान नहीं होता, केवल ध्येय रहता है। इस कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ विनित कुमार साहू के मार्गदर्शन में हुआ। जिसमें एनएसएस स्वयंसेवकों के साथ साथ गांव के बच्चों ने भी भाग लिया।

# विधानसभा का सत्र 19 से

## नवनिर्वाचित विधायकों को दिलाई जाएगी शपथ

- अनुपूरक बजट और राज्यपाल का होगा अभिभाषण

मुख्य नगर संवाददाता




**रायपुर, 18 दिसम्बर।** छठवी विधानसभा का तीन दिवसीय सत्र 19 दिसम्बर से शुरू हो रहा है। पहले दिन दिवंगत विधायकों को श्रद्धा सुमन तथा नवनिर्वाचित विधायकों को प्रोटेम स्पीकर शपथ दिलाएंगे। 20 दिसम्बर को राज्यपाल अभिभाषण होगा।

विधानसभा सचिवालय से मिली जानकारी के अनुसार छठवी विधानसभा का शीतकालीन सत्र 19 दिसम्बर से शुरू होने जा रहा है। सचिवालय के अनुसार सत्र के पहले दिन नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई जाएगी। 20 दिसम्बर को राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन अभिभाषण देंगे। 21 को राज्य का अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा जिसमें राज्य की अनेक योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री वर्ष 2016-17 में किए गए वायदे के अनुरूप 300 रुपए प्रतिक्विंटल की दर से बोनस भुगतान की घोषणा करेंगे जिसमें 3000 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। महतारी वंदन योजना के लिए भी एक बड़ी राशि रखी जा रही है। इस तरह अनुपूरक बजट करीब 5000 करोड़ के आसपास का होगा।

विधानसभा सचिवालय के अनुसार 21 दिसम्बर को राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव और अनुपूरक बजट पर चर्चा होगी। विस सत्र को देखते हुए आसपास के क्षेत्रों में धारा 144 लगा दी गई है। सुरक्षा के चाक-चौबंद प्रबंध किए गए हैं। मंत्रिमण्डल का विस्तार नहीं होने के कारण कइ विधायक परेशान हैं। अभी तक मंत्रिमण्डल के शपथ ग्रहण समारोह की तिथि तय नहीं हुई है। ज्ञात रहे पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह छठवी विधानसभा के स्पीकर होंगे। उन्होंने अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है। वे पहले दिन के पश्चात विधानसभा की कार्रवाई का संचालन करेंगे। कांग्रेस ने चरणदास महंत को नेता प्रतिपक्ष बनाया है।

# मोदी की गारंटी का उल्लेख होगा राज्यपाल के अभिभाषण में

- भाजपा संकल्प पत्र के अनुसार बनेंगे कार्यक्रम
- मोदी की गारंटी को किया जाएगा पूरा

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 18 दिसम्बर।** राज्यपाल के अभिभाषण में मोदी गारंटी और भाजपा संकल्प का प्रमुखता से उल्लेख किया जाएगा। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में 3100 रुपए में 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी तथा पिछला बोनस देने की घोषणा की है। राजभवन से मिली जानकारी के अनुसार राज्यपाल बजट के पूर्व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं एवं अन्य नीतियों की घोषणा अभिभाषण के माध्यम से करते हैं। भाजपा का संकल्प पत्र मुख्य सचिव को दे दिया गया है। इसी आधार पर अभिभाषण तैयार किया जा रहा है। मोदी की गारंटी में आवाास योजना प्रमुख है। इसके लिए सरकार ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। वर्तमान में 18 लाख से अधिक मकान नहीं बन पाने की जानकारी मिलने पर इसे वित्तीय सहायता देना मंजूर कर लिया गया है। राज्यपाल अपने अभिभाषण में भाजपा के संकल्प पत्र के अनुसार कानून व्यवस्था, नक्सली समस्या सहित अन्य मुद्दों का भी उल्लेख करेंगे।

भाजपा के संकल्प पत्र में प्रधानमंत्री की नल जल योजना, भूमिहीन कब्जाधारियों को पट्टा, अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम, खिलाड़ियों को नौकरी देना, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान देना प्रमुख है। भाजपा संकल्प पत्र में आश्वासन दिया गया था कि बालिकाओं के जन्म पर डेढ़ लाख रुपए, गरीब परिवारों को 500 रुपए में गैस सिलेंडर, महतारी वंदन योजना में विवाहित महिलाओं को 12 हजार रुपए वार्षिक वित्तीय सहायता, और 3100 रुपए में 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी व एकमुश्त पूरा भुगतान, दस लाख रुपए तक स्वास्थ्य बीमा, नया रायपुर में सेंट्रल भारत का इनोवेशन हब बनेगा, 500 नए जनऔषधि केंद्र, दुर्ग-भिलाई, रायपुर, नवा रायपुर का महानगरों की तरह विकास, प्रदेशवासियों को अयोध्या में श्रीराम लला दर्शन, युवाओं को 50 प्रतिशत सब्सिडी पर ब्याज मुक्त ऋण, एक लाख रिक्त शासकीय पदों पर समयबद्ध पारदर्शी भर्ती होगी।

# ठंडी हवा ने कंपकंपाया लोगों को, पश्चिमी विक्षोभ का असर हुआ कम



मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 18 दिसम्बर।** राजधानी में आज सुबह से ही ठंडी हवाएं चल रहीं है। उत्तरी छग के मैनपाट में सबसे कम तापमान दर्ज किया गया। जशपुर जिले में बढ़ती ठंड के कारण शालाओं के समय का परिवर्तन कर दिया गया है।

मौसम वैज्ञानिक डॉ. चंद्रा के अनुसार आज जो ठंडी हवाएं चल रही है वह वास्तव में शीतलहर नहीं है। दिसम्बर माह में शीतलहर का प्रकोप नहीं होता। तापमान में निरंतर गिरावट आ रही है। न्यूनतम तापमान में दो डिग्री गिरावट आई है। पश्चिमी विक्षोभ का असर भी काफी कम हो गया है। इस समय अमरकंटक तथा इसके आसपास एवं सूरजपुर, बलरामपुर में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। जशपुर जिले के कलेक्टर ने शाला लगने के समय में परिवर्तन किया है। दो पालियों में शालाएं चलेंगी। राजधानी में बाहरी क्षेत्रों में कड़ाके की ठंड पड़ने के कारण लोग अलावा जला रहे हैं वहीं गर्म कपड़े की दुकानों में भी भीड़ बढ़ती जा रही है। इस समय रेलवे स्टेशन तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों में ठंड से बचने के लिए लोग शरण ले रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने स्वास व हार्ट के मरीजों को चेतावनी दी है कि वे सतर्क रहे।

# तेज रफ्तार ब्रेजा वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**रायपुर, 18 दिसम्बर।** कोनी थाना क्षेत्र के बिलासा ताल के पास बीती रात एक तेज रफ्तार ब्रेजा कार ने चार लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, वहीं तीन जिंदगी और मौत के बीच झूल रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि कोनी में रहने वाला धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर और रोहित निषाद के साथ दो अन्य साथीयो के साथ जशपुर अपने काम में जाने निकले थे। घर से निकलकर बिलासा ताल के पास रोड किनारे लाला पान ठेला के पास बस का इंतजार करते हुए खडे थे। उसी समय रात लगभग 8 बजे के आसपास अचानक सीपत चौक तरफ से सफेद रंग का ब्रेजा कार क्रमांक सीजी 10 बीक्यू 1507 ने उन्हे अपने चपेट में ले लिया। जिससे धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर के सिर में गंभीर चोट आई थी। तो वही रोहित निषाद,दुर्गेश यादव, लाला खाण्डे को भी गंभीर अवस्था में सिम्स हॉस्पिटल लेकर जाया गया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर को मृत घोषित कर दिया तो वही रोहित निषाद के गम्भीर हालत को देखते हुए उसे रायपुर ईलाज हेतु रिफर कर दिया गया। साथ ही उनके दो अन्य साथी दुर्गेश यादव, लाला खाण्डे का सघन उपचार सिम्स हॉस्पिटल में जारी है। इधर इस मामले में कोनी पुलिस ने आरोपी कार चालक को भी चोट आने से सिम्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। वही कोनी पुलिस आगे की जांच में जुट गए हैं।

## आपसी रंजिश के चलते युवक को पीटा

**रायपुर, 18 दिसम्बर।** कांपा स्थित बालाजी चूना मील के पास पुरानी रंजिश के चलते दो युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी तुलाराम टंडन 25 वर्ष कांपा पंडरी का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी शिवकुमार बंजारे व सतीश बंजारे प्रार्थी के पास आया और पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत


**रायपुर, 18 दिसम्बर।** शुभम मार्ट के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दंपति को ठोकर मार दिया। जिससे महिला की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जाानकारी के अनुसार मृतिका सबाना ध्रुव 34 वर्ष देवपुरी टिकरापारा की रहने वाली है। बताया जाता है कि मृतिका अपने पति रमन ध्रुव 35 वर्ष के साथ बाइक से कहीं जा रहा था, तभी ट्रक क्रमांक सीजी 19 बीएम 5888 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक के पीछे बैठी सबाना गिरकर ट्रक के पहिए के नीचे आ गई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच में लिया है।


## अवैध शराब बेचते दो पकड़ाए


**रायपुर, 18 दिसम्बर।** खरोरा एवं मंदिरहसौद पुलिस के टीम ने अवैध शराब बेचते दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 43 पाव देशी शराब जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफआबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार खरोरा पुलिस ने ग्राम छडिया में दबिश देकर अवैध शराब बेचते आरोपी टिकेन्द्र धीवर 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 30 पाव देशी शराब जब्त किया है। इसी तरह मंदिरहसौद पुलिस ने रावणभाठा चौक के पास अवैध शराब बेचते आरोपी नीलकंठ सेन 33 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 32 पाव देशी शराब जब्त किया है।

## गांजा बेचते अधेड़ गिरफ्तार

**रायपुर, 18 दिसम्बर।** विधानसभा पुलिस ने ग्राम छपोरा में दबिश देकर गांजा बेचते एक अधेड़ को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 550 ग्राम गांजा व बिक्री रकम 300 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम छपोरा में दबिश देकर आरोपी पुनीत खरे 50 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 550 ग्राम गांजा व बिक्री रकम 300 रुपए जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।







कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्प्लेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23